संगीत नाटक अकादेमी
वार्षिक रिपोर्ट 1996-97

विषय सूची

परिशिष्ट

प्रबन्धात्मक गठन

संगीत नाटक अकादेमी – संगीत, नृत्य और नाटक की राष्ट्रीय अकादेमी की स्थापना वर्ष 1953 में भारत की प्रदर्शनकारी कलाओं को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए की गई थी। इस कार्य के लिए अकादेमी राज्यों की प्रतिस्थानी संगीत नाटक अकादेमियों और देश भर में फैले स्वैच्छिक संगठनों को सहयोग प्रदान करती है। देश के विभिन्न भागों में प्रख्यात अनुभवी कलाकारों के साथ-साथ युवा पीढ़ी के प्रतिभावान कलाकारों के निःशुल्क प्रदर्शनों की व्यवस्था करके, छात्रवृत्तियों द्वारा पोषित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को चलाकर तथा प्रलेखन और प्रसार के द्वारा अकादकेमी संगीत, नृत्य और नाटक के प्रति सामान्यजनों की अभिरूचि को बढ़ावा देती है और भारतीय प्रदर्शनकारी कलाओं की सर्वत्र श्रीवृद्धि के लिए विचारों और तकनीकों का तात्कालिक आदान-प्रदान करती है। अकादेमी के उद्देश्यों का और अधिक विस्तृत उल्लेख अकादेमी के संगम ज्ञापन (उद्धरण : परिशिष्ट-1) में किया गया है।

अकादेमी सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1960 के अंतर्गत पंजीकृत है और एक स्वायत्त संगठन के रूप में कार्य करती है। इसका वित्त-पोषण भारत सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा किया जाता है।

अकादेमी का प्रबंध इसकी महापरिषद करती है। अकादेमी के कार्यकलापों का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण इसका कार्यकारिणी मंडल करता है जिसकी सहायता के लिए वित्त, अनुदान, प्रकाशन और अन्य सलाहकार समितियाँ बनी हुई हैं (परिशिष्ट-2)।

अकादेमी के अध्यक्ष की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है जिसका कार्यकाल पाँच वर्ष का हेता है। उपाध्यक्ष का चुनाव महापरिषद द्वारा अपने सदस्यों में से पाँच वर्ष के कार्यकाल के लिए किया जाता है। 1996.97 के दौरान श्री जमशेद ज. भाभा अकादेमी के अध्यक्ष थे और डॉ. प्रेमलता शर्मा उपाध्यक्ष।

अकादेमी का प्रधान कार्यकारी अधिकारी इसका सचित होता है और उसकी सहायता के लिए ग्यारह उप सचिव हैं जिनमें कथक केंद्र तथा जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी के निदेशकों सहित उपसचिव (वित्त तथा लेखा), उपसचिव (प्रशासन) तथा संगीत, नृत्य नाटक, समन्वय, प्रकाशन, प्रलेखन, फिल्म के उपसचिव और अकादेमी का पुस्तकालयाध्यक्ष शामिल हैं। अकादेमी का पंजीकृत कार्यालय रवींद्र भवन, नई दिल्ली में स्थित है।

कथक केंद्र, दिल्ली और जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी, इम्फाल अकादेमी द्वारा संचालित प्रशिक्षण संस्थाएँ हैं। इन दोनों संस्थाओं का प्रबंधन अकादेमी के कार्यकारिणी मंडल के हाथ में है और इस कार्य में उसकी सहायता के लिए इन घटक इकाइयों की सलाहकार समितियाँ बनी हुई हैं। इन संस्थाओं के क्रियाकलापों का ब्यौरा इस रिपोर्ट में दिया गया है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान महापरिषद् और कार्यकारिणी मंडल द्वारा गठित विभिन्न समितियों (यथा - वित्त समिति, अनुदान समिति और प्रकाशन समिति) की बैठकें आयोजित की गईं। जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी की सलाहकार समिति और रंगमंच, नृत्य और प्रलेखन तथा अभिलेखागार से संबंधित सलाहकार समितियों की बैठकें भी आयोजित की गई थीं। इन बैठकों का विवरण परिशिष्ट-3 में दिया गया है। महापरिषद् की बैठक 12 सितंबर, 1996 को हुई जिसमें प्रख्यात सितारवादक उस्ताद विलायत खां को अकादेमी की रत्नसदस्यता के लिए चुना गया। अकादेमी ने प्रदर्शनकारी कलाओं के क्षेत्र में से 24 प्रख्यात व्यक्तियों को भी वर्ष 1995 के लिए

अकादेमी पुरस्कारों के लिए चुना। मानप्रदान समारोह 18 दिसंबर, 1996 को राष्ट्रपति भवन, दिल्ली में आयोजित किया गया।

वर्ष के दौरान संगीत, नृत्य और नाटक की प्रस्तुतियों को विचार-विमर्श और व्याख्यान-निर्देशन के जरिए नए आयाम देने का कार्य जारी रहा। कुछ उत्सवों का आयोजन विशेष रूप से अभिकल्पित किया गया था और उन्हें अकादेमी के अभिलेखागार के लिए रिकार्ड किया गया। कार्यक्रमों, साक्षात्कारों, कार्यशालाओं और प्रख्यात गुरुओं, संगीतज्ञों और युवा कलाकारों के प्रदर्शनों की व्यापक रिकार्डिंग उनके पुरालेखी महत्व को ध्यान में रखकर की गई। ऐसे कार्यक्रमों के लिए सहायता प्रदान की गई, जिनकी रिकार्ड की गई और छाया-चित्रों की सामग्री अकादेमी के अभिलेखागार में जोड़ी जा सकती है।

परंपरागत कलाओं के गुरुओं के साथ बुनियादी और उच्च स्तरों पर प्रशिक्षण के महत्व को ध्यान में रखते हुए, अतिरिक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए थे। ऐसा प्रस्ताव है कि विभिन्न कला विषयों के गुरूओं और आचार्यों को समर्थन प्रदान करके प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या में वृद्धि की जाए। ये गुरु और आचार्य कुछेक चुनिन्दा छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, अकादेमी द्वारा आयोजित प्रमुख कार्यक्रमों का विवरण परिशिष्ट-4 में दिया गया है।

अकादेमी पुरस्कार और रत्नसदस्यता
1995

संगीत नाटक अकादेमी की महापरिषद् की बैठक दिल्ली में 12 सितंबर, 1996 को हुई, जिसमें वर्ष 1995 के लिए अकादेमी की वार्षिक रत्नसदस्यता और पुरस्कारों के लिए 25 कलाकारों एवं विद्वानों चुना गया। रत्नसदस्यता और पुरस्कारों के लिए क्रमशः चालीस हज़ार रुपये और पच्चीस हज़ार रुपये एक अंगवस्त्र और एक ताम्रपत्र सहित सम्मान के रूप में प्रदान किए जाते हैं। भारत के राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने 18 दिसंबर, 1996 को राष्ट्रपति भवन, दिल्ली में आयोजित मानप्रदान समारोह में ये सम्मान उक्त कलाकारों को प्रदान किए। सम्मानित कलाकारों में से एक ने अकादेमी की रत्नसदस्यता प्राप्त की। कुल 25 पुरस्कारों में से 11 संगीत, 6 नृत्य, 6 रंगमंच में और एक "प्रदर्शनकलाओं में समग्र योगदान" के लिए प्रदान किए गए।

वर्ष 1995 के रत्नसदस्यों और पुरस्कार विजेताओं की सूची निम्न प्रकार है :

रत्नसदस्यता
विलायत खां

पुरस्कार

संगीत

ए.टी. कानन : हिंदुस्तानी संगीत (गायन)

अहमद रजा खां : हिंदुस्तानी वाद्यसंगीत (विचित्र वीणा)

डी. के. दातार : हिंदुस्तानी वाद्यसंगीत (वायलिन)

राम आशीष पाठक : हिंदुस्तानी वाद्यसंगीत (पखावज़)

आर. वेदावल्ली : कर्नाटक संगीत (गायन)

दोमादा चित्तियाब्बई : कर्नाटक वाद्यसंगीत (नागस्वरम)

उमायलपुरम के. नारायणस्वामी : कर्नाटक वाद्यसंगीत (घटम)

अतुल देसाई : सर्जनात्मक संगीत

नृत्य

एम.के. सरोजा : भरतनाट्यम्

रामलाल : कथक

एल. थम्बालांगौबी देवी : मणिपुरी

रघुनाथ दत्ता : ओडिसी

अस्ताद देबू : सर्जनात्मक नृत्य

रंगमंच

सत्य बंधोपाध्याय : अभिनय

एम.के. रैना : निर्देशन

तीजन बाई, पंडावनी कलाकार, राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा से पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

ए.टी. कानन

अहमद रजा खां

डी. के. दातार

विलायत खां

राम आशीष पाठक

आर. वेदावल्ली

दोमादा चित्तियाब्बई

उमायलपुरम के. नारायणस्वामी

अतुल देसाई

एम.के. सरोजा

रामलाल

एल. थम्बालांगौबी देवी

रघुनाथ दत्ता

अस्ताद देबू

सत्य बंधोपाध्याय

एम.के. रैना

बंसी कौल

प्रागजी डोस्सा

एन. कृष्णामूर्ति

झम्मन खां

तीजन बाई

सोनम तेसिरंग लेप्चा

वेचूर तंकामणि पिल्लै

होम्बिहा

सुनील कोठारी

बंसी कौल द्वारा निर्देशित सीढ़ी दर सीढ़ी : पुरस्कार समारोह, दिल्ली।

बंसी कौल : निर्देशन

प्रागजी डोस्सा : नाट्यलेखन

एन. कृष्णामूर्ति : रंगशिल्प

संगीत/नृत्य/रंगमंच और पुतुलकला के अन्य रूप

झम्मन खां : नकारा (हरियाणा)

तीजन बाई : पंडावनी (मध्य प्रदेश)

सोनम तेरिंग लेप्चा : लोक संगीत (सिक्किम)

वेचूर तंकामणि पिल्लै : धुल्लाल (केरल)

होम्बिहा : पुतुलकला (कनार्टक)

सुनील कोठारी : प्रदर्शन कलाओं में समग्र योगदान

मानप्रदान समारोह के बाद सात-दिवसीय उत्सव आयोजित किया गया जिसमें कुछेक पुरस्कृत कलाकारों ने भाग लिया। ये प्रदर्शन राष्ट्रीय नाटक स्कूल के अभिमंच थिएटर और श्रीराम सेंटर, दिल्ली में 18 से 24 दिसंबर, 1996 तक आयोजित किए गए थे। कार्यक्रम निम्न प्रकार था :

18 **दिसंबर,** 1996
एन्टीगॅनी (हिंदी) : निर्देशक एम.के. रैना

19 **दिसंबर,** 1996
राम आशीष पाठक : पखावज़

ए. कानन : गायन

डी.के. दातार : वायलिन

20 **दिसंबर**
दोमादा चित्तियाव्वई : नागस्वरम

आर. वेदावल्ली : गायन

एम.के. सरोजा : भरतनाट्यम

21 **दिसंबर**
अस्ताद देबू : नृत्यरचना संबंधी प्रस्तुतियाँ

रघुनाथ दत्ता एवं शिष्य : ओडिसी

रामलाल बरेथ एवं शिष्य : कथक

22 **दिसंबर**
झम्मन खां : नकारा

सोनम तेरिंग लेप्चा : लोक संगीत (सिक्किम)

तीजन बाई : पंडावनी

23 **दिसंबर**
सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे **तुक्का (हिंदी)** :
निर्देशक, बंसी कौल

24 **दिसंबर**
बेरिकेड (बंगाली) : नाटक जिसमें सत्य बंद्योपाध्याय ने भाग लिया, उत्पल दत्त द्वारा लिखित और निर्देशित

उत्सव, संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ

ओडिसी नृत्योत्सव : भुवनेश्वर

यह उत्सव उड़ीसा के विभिन्न भागों के युवा नर्तकों, नृत्य शिक्षकों और संस्थाओं को एक साथ मिलकर कार्य करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। राज्य के विभिन्न जिलों और शहरों से लगभग 125 युवा नर्तकों ने सायंकाल में प्रदर्शन किए; शिक्षकों द्वारा प्रदर्शन प्रातःकाल में प्रस्तुत किए गए। प्रख्यात गुरुओं से शिक्षा प्राप्त करने वाले 35 से अधिक शिक्षकों ने अपने प्रदर्शन प्रस्तुत किए। इस उत्सव का आयोजन अकादेमी की "युवा प्रतिभाओं को प्रायोजित करना" की योजना के अंतर्गत किया गया था।

कार्यक्रम का विवरण निम्न प्रकार था:

कार्यक्रम

नृत्य प्रदर्शन

25 **सितंबर**

रूपाश्री महापात्र और विद्युतलता मिश्रा, पुरी

मनोरंजन प्रधान, पुरी

प्रियंवदा रे, भुवनेश्वर

उड़ीसा डांस अकादेमी ग्रुप, भुवनेश्वर

26 **सितंबर**

वाई. प्रशांति एवं कृपांजली दास पटनायक, कटक

अनिल कुमार लेंका, कटक

पुष्पिता मिश्रा एवं ममता सतपर्था, भुवनेश्वर

अव्रता ग्रुप, भुवनेश्वर

27 **सितंबर**

प्रियंवदा पटनायक, दिमीरिसीना

भरत चरन गिरी, भुवनेश्वर

पूर्णिमा बारिक एवं उर्मिला साहू, बेलासोर

भंज कला केंद्र ग्रुप, राउरकेला

28 **सितंबर**

बिचित्रानंद स्वेन एवं रमेश चंद्र जेना, भुवनेश्वर

शीला मोहमात्र एवं मधुस्मिता मोहंती, भुवनेश्वर

मीरा दास, कटक

कला विकास केंद्र ग्रुप, कटक

29 **सितंबर**

सगरिका मोहपात्र एवं सुज्ञानी मोहपात्र, भुवनेश्वर

इंद्राणी मल, कटक

मंजुश्री पंडा, भुवनेश्वर

नृत्यायन द्वारा प्रदर्शन : ओडिसी नृत्योत्सव, भुवनेश्वर।

नृत्यायन ग्रुप, भंवनेश्वर

30 **सितंबर**
सौम्या शेफालिका, कटक

लीना मोहंती, भुवनेश्वर

इतिश्री मोहंती, भुवनेश्वर

नव किशोर मिश्रा, भुवनेश्वर

कुतापो ग्रुप, राउरकेला

1 **अक्तूबर**
संजुक्ता दास एवं नमिता भट्ट, भुवनेश्वर

अजय मोहंती, कटक

शिलालिपि पार्किया एवं लीला नंदा, भुवनेश्वर

कस्तूरी पटनायक एवं मुक्तिलता पाल, भुवनेश्वर

ओडिसी रिसर्च सेंटर ग्रुप, भुवनेश्वर

शिक्षकों द्वारा प्रदर्शन

26 **सितंबर**
नामवर प्रधान, भुवनेश्वर

चितरंजन अचारी, ताईचेर

लिंगराज बेहेरा, पुरी

27 **सितंबर**
सहदेव पाढ़ी, भुवनेश्वर

लक्ष्मीधर जेना, कटक

नित्यानंद सेनापति, सुनबेड़ा

28 **सितंबर**
ब्रज किशोर मलिक, भुवनेश्वर

किशोर मोहंती, कटक

बीर किशोर नायक, कोरापुट

29 **सितंबर**
कंदुरी चरन बेहेरा, भुवनेश्वर

बी.के. सेनापति, पुरी

सुधाकर साहू, बालासोर

निरंजन राउत, भुवनेश्वर

30 **सितंबर**
पगल स्वेन, भुवनेश्वर

माधव पलाई, ब्रजराजनगर, **बिचित्रानंद दलाई,** राउरकेला

गोविंद चंद्र पाल, भुवनेश्वर

1 **अक्तूबर**
संध्या देबनाथ, सम्बलपुर

निरंजन नायक, भद्रक

हरिहर मोहंती, कटक

आशीष दास, कटक

पद्‌म चरन देबूरी, भुवनेश्वर

तापसी मिश्रा

नटराज संगीत महाविद्यालय, धेनकनाल

पारंपरिक नाट्योत्सव : दिल्ली

पारंपरिक रंगमंच के उत्सवों की

मणिलाल व्यास तथा ग्रुप द्वारा भवई प्रदर्शन : पारम्परिक नाट्योत्सव, दिल्ली।

श्रृंखला का यह दूसरा उत्सव था जिसका आयोजन 4 अक्तूबर से 6 अक्तूबर 1996 तक मेघदूत थियेटर, रवींद्र भवन, नई दिल्ली में किया गया था। कार्यक्रम निम्न प्रकार था :

4 अक्तूबर
अंकिया भऔना (असम) : अंक भऔना नाट्य दल, कालियाबोर, नाओगांग, असम।

5 अक्तूबर
कृष्ण पारिजात (कर्नाटक) : श्रीकृष्ण पारिजात मंडली, लोकापुर, बीजापुर, कर्नाटक।

भवई (गुजरात) : मणिलाल व्यास, बाबूलाल व्यास, हीरजी लाल व्यास, राजकोट, गुजरात।

6 अक्तूबर
प्रह्लाद नाटक (उड़ीसा) : लक्ष्मी नृसिंह नाट्य कला संसद, गंजम, उड़ीसा।

"कलाओं में रस" : वाराणसी

अकादेमी ने 19 से 25 जनवरी, 1997 तक वाराणसी में "कलाओं में रस" पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। वाद-विवाद के विषयों में साहित्य, चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला, संगीत, आयुर्वेद आदि में रस सम्मिलित थे। संगोष्ठी की शैक्षिक सलाहकार डॉ. प्रेमलता शर्मा थीं।

कार्यक्रम निम्न प्रकार था :

कलाओं में रस
जनवरी 19-25, 1997
भारत कला भवन,
बनारस हिंदू विश्वविद्यालय

1. **उद्घाटन सत्र :**

19 जनवरी प्रातःकाल 11 बजे
दीप प्रज्वलन : पंडित बच्चू लाल अवस्थी

अध्यक्ष : प्रो. विद्यानिवास मिश्र

i. आव्हान : डॉ. ऋत्विक सान्याल

ii. स्वागत भाषण : प्रो. प्रेमलता शर्मा

iii. मुख्य भाषण : प्रो. विद्यानिवास मिश्र

2. **सत्र** 1 : 12.30 **सायं**
i. "रस इन आयुर्वेद"
प्रो. प्रियव्रत शर्मा, वाराणसी
अध्यक्ष : डॉ. मुकुंद लाठ

3. **सत्र** 2 : 2.35 **सायं**
ii. "भक्तिरस एंड इट्स ट्वेल्व वेराइटीज एकोर्डिंग टू श्री रूप गोस्वामी"
प्रो. श्रीवत्स गोस्वामी, वृंदावन
अध्यक्ष : प्रो. विद्यानिवास मिश्र

iii. "रास इन लिटरेचर"
प्रो. अयप्पा पाणिकर, थिरूवनंतपुरम
अध्यक्ष : प्रो. वी. वेंकटाचलम

प्रेमलता शर्मा, प्रियवत शर्मा, मुकुन्द लाठ : रस सेमिनार, वाराणसी।

4. **सत्र** 3 : 20 **जनवरी** 10.45 **प्रातः**

iv. "नंबर ऑफ रासास"
प्रो. एस.एस. जानकी, मद्रास
अध्यक्ष : प्रो. विश्वनाथ भट्टाचार्य

v. "रिलेशन विटविन रस एंड भाव"
डॉ. एच.वी. नागराज राव, मैसूर
(शोधपत्र डॉ. एन. रामनाथन द्वारा **पढ़ा** गया)
अध्यक्ष : प्रो. विश्वनाथ भट्टाचार्य

5. **सत्र** 4 : 2.30 **सायं**

vi. "थॉट आफ भट्ट नायक ऑन रस"
पंडित वच्चूलाल अवस्थी, उज्जैन
अध्यक्ष : प्रो. के.डी. त्रिपाठी

vii. "नृत्य और नाट्य – अभिनव गुप्त **के** अनुसार सौंदर्यपरक विभेद"
डॉ. एन. रामनाथन, मद्रास
अध्यक्ष : डॉ. मुकुंद लाठ

6. **सत्र** 5 : 21 **जनवरी** 11 **बजे प्रातः**

viii. "मूर्तिकला में ध्वनि की भूमिका"
डॉ. आर. नागस्वामी, मद्रास
अध्यक्ष : डॉ. कपिला वात्स्यायन

7. **सत्र** 6 : 2.30 **बजे सायं**

ix. "रस के साथ नाट्य की पहचान"
डॉ. के.डी. त्रिपाठी, वाराणसी
अध्यक्ष : प्रो. विद्यानिवास मिश्र

x. "मंदिर में रास – मूर्तिकला और वास्तुकला के संबंध में रास की **पाठीय** परंपरा"
डॉ. बेत्तिना बाऊमर, वाराणसी
अध्यक्ष : प्रो. आनंद कृष्ण

8. **सत्र** 7 : 22 **जनवरी** 11 **बजे प्रातः**

xi. "रस का सभी कलाओं में अनुप्रयोग"
प्रो. विद्यानिवास मिश्र, वाराणसी
अध्यक्ष : प्रो. के.डी. त्रिपाठी

xii. विष्णु धर्मोत्तर पुराण के चित्र-सूत्र में रस पद्धति का व्यापक मूल्यांकन (और उसके समय की अनुरूप चित्रकला)
प्रो. आनंद कृष्ण, वाराणसी
अध्यक्ष : डॉ. आर. नागस्वामी

9. **सत्र** 8 : 2.30 **सायं**

xiii. "रस इन कथकली और कूटियाट्टम"
डॉ. सुधा गोपाल कृष्णन, भोपाल
अध्यक्ष : प्रो. अयप्पा पाणिकर

xiv. "श्रृंगार एज वन रस : दी ट्रीटमेंट **ऑफ** भोज इन श्रृंगार प्रकाश"
प्रो. वी. वेंकटाचलम, दरभंगा
अध्यक्ष : प्रो. वी.एस. शर्मा

10. **सत्र** 9 : 23 **जनवरी** 10.45 **प्रातः**

xv. "रस और ध्वनि थीऔरी"
प्रो. विश्वनाथ भट्टाचार्य, वाराणसी
अध्यक्ष : के.डी. त्रिपाठी

xvi. "द कन्सेप्ट ऑफ महारास एंड दी आल्टर्नेटिव पॉलिबिलिटीज़ ऑफ रास **इन** म्यूज़िक"
डॉ. मुकुंद लाठ, जयपुर
अध्यक्ष : प्रो. प्रेमलता शर्मा

11. **सत्र** 10 : 3.20 **सायं**

xvii. "रस इन म्यूज़िक : ए कम्पेरिज़न विटविन द ट्रीटमेंट ऑफ दिस टॉपिक इन अभिनव भारती एंड ध्वन्यालोक"
प्रो. प्रेमलता शर्मा, वाराणसी
अध्यक्ष : डॉ. मुकुंद लाठ

xviii. "कोडिफाइड इवोकेवल सेंटीमेंट्स **इन** म्यूज़िक"
प्रो. हेरोल्ड पावर्स, यू.एस.ए.
अध्यक्ष : प्रो. प्रेमलता शर्मा

12. **सत्र** 11 : 24 **जनवरी** 10.40 **प्रातः**

xix. "रस इन संस्कृत लिटरेचर"
प्रो. वी.एस. शर्मा, त्रिवेंद्रम
अध्यक्ष : डॉ. एस.एस. जानकी

xx. "थ्रीफोल्ड सत्ता इन अद्वैत, द प्रोब्लम्ज़ पोज़्ड बाई इट, इन दी आर्ट्स एंड दी सोल्यूशन आफर्ड बाई कश्मीर शैव अग्म"
संगोष्ठी (डॉ. उर्मिला शर्मा)
अध्यक्ष : पंडित बच्चू लाल अवस्थी

xxi. "द लाइन ऑफ डिस्टिंक्शन बिटविन महारास एंड एस्थेटिक रास" (स्लाइडों के साथ)
डॉ. आर. नागस्वामी

13. **सत्र** 12 : 25 **जनवरी** 10.45 **प्रातः**

xxii. प्रो. आनंद कृष्ण द्वारा भारत कला भवन दीर्घाओं का निर्देशित पर्यटन

xxiii. पाणिनी कन्या विद्यालय, वाराणसी की पाँच बालिकाओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार

समापन टिप्पणी : डॉ. प्रेमलता शर्मा

समापन भाषण : प्रो. हेरोल्ड एस. पावर्स

2.15 - 3.00 **सायं**

नृत्य (भ्रमर गीत) : डॉ. रंजना श्रीवास्तव

छड़ और दस्ताना पुतुल पर समारोह और कार्यशाला : डायमंड हार्बर

वर्ष 1992 से 1995 तक अकादेमी ने उदयपुर, गुवाहाटी और उडुपी में देश की पुतुल परंपराओं पर कार्यशालाओं और समारोहों की श्रृंखला का आयोजन किया जिनमें पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों की पुतुल परंपराओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। रीजनल रिसोर्स सेंटर, उडुपी और धर्मस्थल के डॉ. वीरेंद्र हेगड़े के सहयोग से जनवरी, 1996 में धर्मस्थल, कर्नाटक में देश की छाया पुतुल परंपराओं पर एक समारोह और कार्यशाला आयोजित की गई थी।

इन आयोजनों के पश्चात् लोक और जनजातीय सांस्कृतिक केंद्र कलकत्ता के सहयोग से डायमंड हार्बर, कलकत्ता में 25.31 जनवरी, 1997 को एक समारोह और कार्यशाला का आयोजन परंपरागत छड़ और हस्त पुतुल पर किया गया था, जिसमें पश्चिम बंगाल के 17 ग्रुपों ने भाग लिया। इस समारोह में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, उड़ीसा के पुतुल ग्रुपों को भी आमंत्रित किया गया था। प्रातःकालीन सत्रों में विभिन्न पुतुल परंपराओं पर प्रदर्शन किए गए जिनके फलस्वरूप देश के विभिन्न भागों के पुतुल कलाकारों को अन्य क्षेत्रों के पुतुल कलाकारों के साथ विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान करने का अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यशाला और समारोह का उद्देश्य यह था कि विभिन्न क्षेत्रों के पुतुल कलाकार अन्य क्षेत्रों के पुतुल कलाकारों के साथ अपनी विशेषज्ञता और अनुभवों का आदान-प्रदान कर सकें और अपनी कला की समस्याओं और तकनीकों से अवगत हो सकें। डायमंड हार्बर के अतिरिक्त पड़ौसी गाँवों में भी प्रदर्शन आयोजित किए गए थे।

कार्यक्रम निम्न प्रकार था :

प्रदर्शन

25 जनवरी
पाबकथकली : नटनकैराली, इंरिंजालाकुड़ा

जीवन ज्योति एंड मेमना : कलकत्ता पपेट थिएटर, कलकत्ता

26 जनवरी
गुप्त धन : त्रिपुरा पपेट थिएटर, त्रिपुरा

शिवसिंह, उड़ीसा द्वारा प्रदर्शन

कालीमाता पुतुल नाच, 24 परगना, पश्चिम बंगाल द्वारा प्रदर्शन

27 जनवरी
जटायु मुक्ति : पुत्त समाचार मांडया, जिला कनार्टक

बसंत घोरोई, मिदनापुर, पश्चिम बंगाल द्वारा प्रदर्शन

राजा हरीश चन्दर : सत्यनारायण पुतुल नाच, 24 परगना

सीता कलयाणम् : श्री गननाथुर बौमई नाटक सभा (श्री ए.एस. मणिकावासागम) माइयाडुटुरी, तमिलनाडु

राधा : विष्णुपद धोरोई, मिदनापुर, पश्चिम बंगाल

29 जनवरी
महामाया ओपेरा, 24 परगना, पश्चिम बंगाल द्वारा प्रदर्शन।

रामपद घोरोई, मिदनापुर, पश्चिम बंगाल द्वारा प्रदर्शन।

मंगुली चरन कुंवर, कियोनझार, उड़ीसा द्वारा प्रदर्शन।

30 जनवरी
गनपत मेहस्ने, पिन्गुली, ज़िला महाराष्ट्र द्वारा प्रदर्शन।

खुदे पुतवा : पीपुल्स पपेट थिएटर (श्री हीरेन भट्टाचार्य), कलकत्ता।

अकई बोधन : जदुनाथ हल्दार पुतुल नाच संस्था, 24 परगना, पश्चिम बंगाल।

आट्य शक्ति पुतुल थिएटर, मिदनापुर, पश्चिम बंगाल द्वारा प्रदर्शन।

व्याख्यान – निदर्शन

26 जनवरी
स्वागत भाषण : बी.आर. भार्गव

पुत्तसमाचार द्वारा प्रदर्शन : छड़ और दस्ताना पुतुल कार्यशाला, डायमंड हार्बर।

नीति सूचक भाषण : दादी पद्मजी

निदर्शन : जी. वेणू और नटनकैराली

(श्री सुरेश दत्ता ने वाद-विवाद में भाग लिया। श्री प्रफुल्ल कुमार ने डांग पुतुलों के बारे में बताया)।

27 जनवरी
डी.एन. पटनायक और उड़ीसा पपेटियर्स ग्रुप उड़ीसा पुतुलकला का निदर्शन किया।

वेस्ट बंगाल पपेटरी : हीरेन भट्टाचार्य

28 जनवरी
कर्नाटक पपेटरी : एस.ए.कृष्णय्या के साथ पुत्तसमाचार द्वारा निदर्शन।

(पुत्तसमाचार ने मंच पर एक पुतुल तैयार की)

महाराष्ट्र पपेटरी : गणपत मेहस्गे ने स्पष्ट किया कि उन्होंने किस प्रकार अपनी छोटी पुतुलों का और हस्तकौशल का उपयोग किया।

ग्लोव पपेट्स ऑफ वेस्ट बंगाल : रामपद घोरोई और विष्णुपद घोरोई द्वारा निदर्शन।

29 जनवरी
तमिलनाडु पपेटरी : एम. रामास्वामी द्वारा विस्तृत वार्ता, ए.एस. मणिकावासगम द्वारा निदर्शन के साथ।

ट्रेडीशनल पपेटरी इन उड़ीसा : कृष्णदत्त द्वारा वार्ता, मंगली चरन कुंवर द्वारा निदर्शन।

30 जनवरी
कंटेमपेरेरी पपेटरी ऑफ इंडिया : दादी पद्मजी द्वारा हस्तकौशल तकनीकों (और निदर्शनों) के बारे में वार्ता।

नवरास : जी. वेणु द्वारा विभिन्न रासों पर वार्ता तथा निदर्शन।

भाग लेने वाले ग्रुप/पुतुल कलाकार डायमंड हार्बर
हरिपद दास, त्रिपुरा पपेट थिएटर, त्रिपुरा; गणपत सखाराम मेहस्गे, महाराष्ट्र; ए.एस. मणिकावासगम, श्री गननातुर बौमई नाटक सभा, मईलादुतुरई; पुत्तसमाचार, कर्नाटक; के. श्रीनिवास नटनकैराली, केरल; मंगुली चरन कुमार, उड़ीसा; शिवसिंह, कटक; जदुनाथ हल्दर पुतुल नाच संस्था, पश्चिम बंगाल; फानी पुषण बिद्यानीनोद, कालीमाता पुतुल नाच पार्टी, पश्चिम बंगाल; सत्यनारायण पुतुल नाट्य संस्था, पश्चिम बंगाल; आध्य शक्ति पुतुल थिएटर, पश्चिम बंगाल; महामाया ओपेरा, पश्चिम बंगाल; वसन्त घोरूई, पश्चिम बंगाल; विष्णुपद धोरूई, पश्चिम बंगाल; रामपद धोरूई, पश्चिम बंगाल; सुरेश दत्ता, कलकत्ता पपेट थिएटर, पश्चिम बंगाल; हीरेन भट्टाचार्य, पीपुल्स पपेट थिएटर, पश्चिम बंगाल।

विशेषज्ञ और प्रेक्षक
जी. वेणु, नटनकैराली, केरल; डी.एन. पट्टनायक, कटक; दादी पद्मजी, दिल्ली; एस. ए. कृष्णय्या, रीजनल रिसोर्स सेंटर फार फॉक परफोर्मिंग आर्ट्स, उडुपी; सुरेश दत्ता, कलकत्ता पपेट थिएटर, कलकत्ता; एम. रामास्वामी, मदुरै; कृष्ण दत्त, इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फार दी आर्ट्स, दिल्ली; सेबई घोष, नालंदा पपेट थिएटर, कलकत्ता; हीरेन भट्टाचार्य, पीपुल्स पपेट थिएटर, कलकत्ता; सत्यकाम सेन गुप्ता, कलकत्ता; कुदनथई चन्दर, चैन्नई; रविकांत द्विवेदी, कलकत्ता; रत्ना भट्टाचार्य, पीपुल्स पपेट थिएटर, कलकत्ता; तपस चक्रवर्ती, कलकत्ता पपेट थिएटर, कलकत्ता; शुभाशीष सेन, ताल बेताल पपेट थिएटर, नार्थ 24 परगना; स्वप्न सेन, द पपेट, 24 परगना (एस); संजीत मित्रा, द आर्ट अकादेमी पपेट थिएटर, मिदनापुर; स्वप्न राय, बुर्दवान पपेट थिएटर, बुर्दवान; डॉ. शांतिपाल, पुतुल गोष्ठी, 24 परगना (उत्तरी); हेना दासगुप्ता, छोटा पुतुल दल, बुर्दवान; सुदीप गुप्ता, श्री संजय श्याम, डॉल्स थिएटर कलकत्ता; रंजन बंद्योपाध्याय, कलकत्ता पपेट थिएटर, कलकत्ता; सोमनाथ मजूमदार, बिनाता देब, कठपुतली, कलकत्ता।

इस कार्यक्रम को अकादेमी की पुतुल कला के संवर्धन और परिरक्षण की योजना के अंतर्गत सहायता दी गई थी। इसी योजना के अधीन उन 11 संस्थाओं को अनुदान दिया गया था जो पुतुल कला को समर्पित हैं। इनका विवरण अलग से दिया गया है।

कूचिपूड़ि नृत्योत्सव : हैदराबाद

अकादेमी ने जनवरी 1995 में आंध्र प्रदेश की शास्त्रीय नृत्य परंपराओं का नृत्योत्सव आयोजित किया था जिसमें शिक्षकों द्वारा क्षेत्र के कूचिपूड़ि और मंदिर नृत्य परंपराओं के व्याख्यान-निदर्शन प्रस्तुत किए गए थे। समारोह में गुरुओं के निदर्शनों और युवा नर्तकों की एकल प्रस्तुतियों पर

*हैदराबाद में कूचिपूड़ी नृत्योत्सव के उद्‌घाटन पर आन्ध्र प्रदेश के राज्यपाल **कृष्ण कान्त**, गुरु वेम्पति चिन्ना सत्यम और गुरु वेदान्तम सत्यानारायण शर्मा।*

ध्यान केंद्रित किया गया था। अगला कूचिपूड़ि समारोह, नाट्‌योत्सव आंध्र प्रदेश के कूचिपूड़ि नाट्‌य और संबद्ध परंपराओं पर केंद्रित था जिसमें प्रदर्शन, व्याख्यान और निदर्शन शामिल थे। यह उत्सव भी दिसंबर, 1995 में हैदराबाद में संस्कृति विभाग, आंध्र प्रदेश के सहयोग से आयोजित किया गया था। प्रदर्शनों में कूचिपूड़ि नृत्य शैली पर आधारित कूचिपूड़ि कल्पमों, यक्षगानों, और समसामयिक नृत्य-नाटिकाओं के विविध रूपों और भगवतमेला की प्रस्तुति की गई थी।

कूचिपूड़ि नृत्योत्सव भी हैदराबाद में आयोजित किया गया था जो इस श्रृंखला का तीसरा उत्सव था। इसका उद्देश्य युवा नर्तकों, शिक्षकों और संस्थाओं के कार्य और योगदान को प्रकाश में लाना था। उत्सव में प्रातःकाल और सायंकाल में आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 170 नर्तकों और 70 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। इस समारोह में सरकारी कालेजों और विश्वविद्यालयों समेत कुछ नृत्य संस्थाओं ने भी भाग लिया। इसमें कूचिपुड़ि नृत्य के बहुत-से प्रख्यात गुरुओं के प्रदर्शनों के साथ वर्तमान पीढ़ी के उन नृत्य शिक्षकों के प्रदर्शन देखने को मिले जिन्होंने इस परंपरा को विरासत में पाया है।

इस समारोह ने क्षेत्र के विद्वानों और विशेषज्ञों को नृत्य में प्रदान किए जा रहे प्रशिक्षण के मानकों का मूल्यांकन करने और वर्तमान में प्रदर्शनों को विकसित करने के बोध का अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम निम्न प्रकार था :

कार्यक्रम

9 फरवरी
श्री सिद्धेन्द्र कलाक्षेत्रम् के कलाकार,

कूचिपूड़ि : जे. रमा देवी, यामिनी यशोदा, सी. सुधारानी, चिंता आर. बालकृष्ण, बी. रंगानायकी, चि. अजय कुमार, सोमेवर प्रसाद वेदांतम वेंकटचलापथी, वेदांतम रेघय्या और कोरावी वेंकट एस. प्रसाद कूचिपूड़ि

येलेस्वरापू श्रीनिवास, कूचिपूड़ि

दिव्या जी. विद्यामूर्ति, के. नीलिमा राजू और

एस. कृष्ण **मानस,** विशाखापत्तनम

10 **फरवरी**
एम.एच. नीता राव, हैदराबाद

अखिल रमन राव और अरुणा रेखा, काकीनाडा

स्वामी सुधाकर, हैदराबाद

ज्वाला श्रीकला, बी. माधवी, एम. रजनी, अरुणा ज्योति और वीणा राम, हैदराबाद।

11 **फरवरी**
डी.वी. नागसई और टी. पवानी, हैदराबाद

जी. संध्यारानी, वारांगल

सुचित्रा डोके और स्नेही खेदलेकर, मुंबई

भवानी किरणमयी, अनिता गौढ़, वाई. श्रीदेवी, पी. सुजाता और प्रसन्न रानी, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय, हैदराबाद।

12 **फरवरी**
वी. किरणमयी, हैदराबाद

सी. वसंत लक्ष्मी, हैदराबाद

वी. सौम्या श्री पवार और सीमा मुले, मुंबई

पी. शैलजा, हैदराबाद

बी. सुधीर राव और टी. सुधा, वारंगल

13 **फरवरी**
वी. ज्योति रेड्डी, हैदराबाद

वाई. राम बाबू, हैदराबाद

कविता स्वामीनाथन और आशा लता, बंगलौर

अम्मुला कवागड्डा, चि. शिवाराम कृष्ण कुमार, चि. माधुरी और पी. ज्योतिर्मयी, विजयवाड़ा।

14 **फरवरी**
वी. प्रफुल्ल, विशाखापत्तनम

डी. बालाजी कुमार, चकलुरीपेटा

अनुराधा के. और कविता, चैन्नई

एस. दिव्यसेना और बी. बालात्रिपुरा **सुंदरी,** चैन्नई

15 **फरवरी**
यशोदा एस. राव, हैदराबाद

अरूणिमा कुमार, दिल्ली

संजय शांताराम और प्रीति प्रकाश, **बंगलौर**

बी. जयंती, वानापर्ति

शर्मी पद्मजा, शैलजा चौधरी, अन्ना मशाक और ज्योति उदय, हैदराबाद।

16 **फरवरी**
एम. माधवी माला, हैदराबाद

वेंकटेश्वर राव, हैदराबाद

वी.के. विजयलक्ष्मी, विजयवाड़ा

जे. वेदवल्ली, तेनाली

स्मृति कृष्णय्या, सुजाता रेड्डी और **पृथ्वी जोशी,** दिल्ली

युवा रंगकर्मियों को सहायता

अकादेमी द्वारा वर्ष 1982 में प्रारंभ की गई इस योजना ने वर्ष 1993-94 में दस वर्ष पूरे किए। इस अवधि के दौरान, देश के विभिन्न भागों में 40 संभागीय और 10 राष्ट्रीय नाट्य समारोहों का आयोजन किया गया, जिनमें लगभग 200 युवा निर्देशकों ने भाग लेकर अपनी नई प्रस्तुतियाँ पेश कीं।

यह योजना वर्ष 1997-98 तक आस्थगित रखी गई थी और अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में यह निर्णय लिया गया था कि उन युवा नाट्य निर्देशकों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए जिन्होंने इन समारोहों में भाग लिया था। इसका प्रयोजन निर्देशकों को देश के भीतर और बाहर विभिन्न संकल्पनाओं, प्रशिक्षण प्रणालियों और नाटकीय प्रवृत्तियों से अवगत कराना है। पिछले वर्षों में अकादेमी द्वारा आयोजित संभागीय/राष्ट्रीय नाट्य समारोहों में जिन युवा निर्देशकों ने भाग लिया था उनमें से उनकी पहचान करके पहली कार्यशाला दिल्ली (1994-95) में आयोजित की गई थी और दूसरी कार्यशाला का आयोजन मुंबई (1995-96) में नेशनल सेंटर फार पर्फोमिंग आर्ट्स के सहयोग से किया गया था। इस श्रृंखला की तीसरी कार्यशाला 10 मार्च, 1997 से आगे आनंदग्राम, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। कार्यशाला के समन्वयी निदेशक हबीब तनवीर थे और कार्यशाला का संचालन करने वाले अन्य निदेशकों में सतीश अलेकर, कन्हाई लाल सिंह और उषा गांगुली थे जिन्होंने भाग लेने वालों के साथ एक सप्ताह कार्य किया। नाट्यकला और संबद्ध कला रूपों पर बहुत-से व्याख्यान दिए गए और दीर्घाओं, संग्रहालयों और प्रदर्शनों में जाने की व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम निम्न प्रकार था :

जानकारी सत्र

12 **मार्च**
कमलेश दत्त **त्रिपाठी : "द फंडामेंटल ऑफ** संस्कृत ड्रामा"

13 **मार्च**
कमलेश दत्त त्रिपाठी : नाट्य**शास्त्र एंड** कंटेम्पोरेरी इंडियन थिएटर"

14 **मार्च**
नेमीचन्द्र जैन : "द ट्रेडीशनल थिएटर"

दिल्ली में युवा निर्देशकों के लिए आयोजित कार्यशाला के सहभागियों के साथ बातचीत करते हुए हबीब तनवीर, जोहरा सेगल और उजरा बट्ट

15 मार्च
सुलोचना बृहस्पति : "म्यूजिक एप्रीशिएशन"

17 मार्च
अमल अल्लाना : "फंडामेंटल्स ऑफ वेस्टर्न थिएटर (i)

18 मार्च
अमल अल्लाना : "फंडामेंटल्स ऑफ वेस्टर्न थिएटर (ii)

19 मार्च
अनुराधा कपूर : "वेस्टर्न इंफ्लूएंस आन इंडियन थिएटर"

20 मार्च
कीर्ति जैन : "माडर्न इंडियन थिएटर"

21 मार्च
निसार अल्लाना : "डिजाइनिंग सेट्स फार थिएटर"

22 मार्च
नीलम मानसिंह चौधरी : "कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग फार थिएटर"

25 मार्च
जावेद मलिक : "थिएटर क्रिटिसिज़्म"

26 मार्च
अनिल सदगोपाल : "कल्चर, एजूकेशन एंड ग्लोबिलाइजेशन"

28 मार्च
किरन सेगल : ओडिसी नृत्य का व्याख्यान-निदर्शन

31 मार्च
जे.एन. कौशल : "ट्रांसलेशन एंड एडेप्टेशन"

1 अप्रैल
केशव मलिक : "आर्ट एप्रीशिएशन"

2 अप्रैल
मोहन उप्रेती : "द थिएटर म्यूजिक"

3 अप्रैल
गौतम भट्टाचार्य : "स्टेज लाइटिंग"

4 अप्रैल
मीट द एक्ट्रेस : जोहरा सेगल और उजरा बट्ट
मलयश्री हाशमी : "स्ट्रीट थिएटर"

5 अप्रैल
यश पाल : "हैप्पिंग्ज़ 1997"

पिछले दस वर्षों के दौरान युवा रंगकर्मियों को सहायता योजना के अंतर्गत जिन युवा निर्देशकों ने संभागीय/राष्ट्रीय नाट्य समारोहों में भाग लिया था उनके नाटकों को समर्थन प्रदान करने के लिए 2 नाटकों को जम्मू और कश्मीर में और एक नाटक को हिमाचल प्रदेश में चार से पाँच प्रदर्शनों के लिए प्रायोजित किया गया था। इन नाटकों की प्रस्तुति का कार्यक्रम निम्न प्रकार था :

12-15 **मार्च**, 1997
कोर्टमार्शल (हिंदी) : निर्देशक : अरविंद **गौड़**, दिल्ली

17-20 **मार्च**, 1997
सिकन्दर सानी (हिंदी) : निर्देशक : **पी.एस.** चारी, त्रिवेणी, बड़ौदा

17-22 **मार्च**, 1997
कंजूस (हिंदी) : निर्देशक : बलवंत ठाकुर, नटरंग, जम्मू।

नृत्योत्सव : नृत्य संरचनात्मक कृतियाँ, बंगलौर
यह नृत्योत्सव, अकादेमी द्वारा पहले आयोजित दो नृत्य संरचनात्मक कृति समारोहों के परिणामस्वरूप कन्नड़ और संस्कृति विभाग, कर्नाटक के सहयोग से 15 से 19 मार्च 1997 तक आयोजित किया गया था। समारोह की श्रृंखला का पहला समारोह कलकत्ता में मार्च 1994 में और दूसरा बंगलौर में जनवरी 1996 में आयोजित किया गया था। तीसरे समारोह में वरिष्ठ नृत्य रचनाकारों के साथ-साथ युवा पीढ़ी के नृत्य-रचनाकारों की कृतियों को पेश किया गया था।

नृत्य-रचनाकारों द्वारा अपनी कृतियों की संवृद्धि और विकास के बारे में व्याख्यान-निदर्शन और वार्ताएँ (जिन्हें अकादेमी द्वारा रिकार्ड किया जाता है)। इन समारोहों की एक विशेषता है। पिछले समारोहों में अमला शंकर, नरेंद्र शर्मा, प्रभात गांगुली और अन्य वरिष्ठ नृत्य-रचनाकारों के

निदर्शन और वार्ताओं को रिकार्ड किया गया है। बंगलौर में वर्तमान समारोह में इसी प्रकार का प्रलेखन मृणालिनी साराभाई और चन्द्रलेखा का किया गया था। यह समारोह समसामयिक नृत्य-रचनाकारों को सहायता योजना के अधीन आयोजित किया गया था। कार्यक्रम निम्न प्रकार था :

प्रदर्शन, 6.30 सायं
16 **मार्च**
मीमोरी, गंगा एंड शेडोज़
दर्पण अकादेमी फार परफोर्मिंग आर्ट्स, **अहमदाबाद**
नृत्य संरचना : मृणालिनी साराभाई

17 **मार्च**
संवाद
भूमिका, दिल्ली
नृत्य संरचना : संगीता शर्मा

सर्पगति
द अकादेमी फार आर्ट्स रिसर्च, **ट्रैनिंग एंड** इनोवेशन, तिरूवनंतपुरम
नृत्य संरचना : दक्ष सेठ

18 **मार्च**
महाकाल – इन्वोकिंग टाइम
कल्चरल सेंटर, चैन्नई
नृत्य संरचना : चन्द्रलेखा

साउंड ऑफ द यूनिवर्स एंड फूटप्रिंट्स ऑन वाटर
दृष्टिकोण डांस फाउंडेशन, दिल्ली
नृत्य संचरना : अदिति मंगलदास

केईबुल लामजाओ
जवाहरलाल नेहरू मणिपुर डांस अकादेमी, इम्फाल
नृत्य संचना : थो. चाओतोम्बी सिंह

19 **मार्च**
संकलना
स्टेम डांस-थियेटर ग्रुप, बंगलौर
नृत्य संरचना : मधु मीना नटराज

पंचभूत
मयूरभंज छऊ नृत्य प्रतिष्ठान, बारीपेदा
नृत्य संरचना : इलियाना सितारिसती

इंटरप्रेटिंग टैगोर
अस्ताद देबू, मुंबई

व्याख्यान - निदर्शन, 10.30 प्रातः
15 **मार्च**
मृणालिनी साराभाई

16 **मार्च**
चन्द्रलेखा

नाटककार कार्यशाला : गुजराती
भारतीय भाषाओं में नाटककार का कार्यशालाओं की योजना के अंतर्गत नाटककारों के लिए प्रथम कार्यशाला – तमिल नाटक कार्यशाला – का आयोजन जनवरी, 1995 में किया गया था। 25 लेखकों से नाटक रचना भेजने का अनुरोध किया गया था जिनमें से अंतिम चयन विशेशज्ञ समिति द्वारा किया गया था। "मुनि" और "मूनारावत्तू विला इलुमवुम विझूथुहालात्रा अलमरमुम" दो चुने गए नाटकों की प्रस्तुति अकादेमी के तत्वावधान में तंजावूर, पांडिचेरी और चैन्नई में की गई थी। प्रस्तुति के पश्चात् एक खुले सत्र का आयोजन किया गया था जिसमें नाटककारों, निर्देशकों, अभिनेताओं, विशेषज्ञ समिति के सदस्यों और पर्याप्त संख्या में नाटक-प्रेमियों ने भाग लिया। नाटककरों और निर्देशकों के बीच अधिक आदान-प्रदान सुनिश्चित करने के संबंध में सुझाव दिए गए।

वर्ष 1996-97 के दौरान, दूसरी नाटककार कार्यशाला गुजराती में बड़ौदा में आयोजित की गई थी। विशेषज्ञ समिति ने हाथीराना ले. प्रवीण पंड्या और पुरू अने पोषती लेखक वीरू पुरोहित दो नाटकों का चयन किया था। विशेषज्ञ समिति ने इन नाटकों की प्रस्तुति के लिए दो प्रख्यात निर्देशकों कैलाश पंड्या और मरकंद भट्ट को चुना था। हाथी राजा का निर्देशन कैलाश पंड्या (हँसमुख बराडी ने सहायता प्रदान की) द्वारा किया गया जिसका मंचन दर्पण अकादेमी, अहमदाबाद में किया गया था। पुरू अने पोषती नाटक का निर्देशन मरकंद भट्ट द्वारा किया जाना था परंतु अपरिहार्य कारणों से प्रस्तुत नहीं किया जा सका और अब इसे वर्ष 1997 में प्रस्तुत किए जाने की आशा है।

पारंपरिक प्रदर्शनकारी कलाओं का संवर्धन एवं परिरक्षण

यह योजना संगीत, नृत्य और नाट्यकला के उन रूपों में प्रशिक्षण के लिए सहायता प्रदान करती है जो अब व्यापक रूप से व्यवहार में नहीं हैं। इस संबंध में अकादेमी विख्यात गुरुओं को मानदेय और प्रशिक्षणार्थियों को वजीफा देकर इन कलारूपों में उनकी रूचि सुनिश्चित करती है और परंपरागत प्रशिक्षण/अधिगम प्रक्रिया के द्वारा इन्हें बनाए रखने का प्रयत्न करती है। प्रशिक्षण संबंधी विवरण नियमित रूप से प्राप्त होते रहते हैं। इस योजना में परंपरागत कलाओं को अपना रहे परिवारों के उन युवा कलाकारों को प्रोत्साहन प्रदान करने की भी व्यवस्था है जिन्हें अन्यथा सामान्य रूप से समर्थन प्राप्त नहीं होता है।

वर्ष 1996-97 के दौरान निम्न कार्यक्रम चल रहे थे :

राजा छत्रपति सिंहजू देव की देख-रेख में पखावज;

उस्ताद साबरी खां की देख-रेख में सारंगी;

गुरु इंदर लाल धान्द्रा की देख-रेख में सारंगी;

गुरु टी.एस. लाचप्पा पिल्लै की देख-रेख में नागस्वरम्;

गुरु पी. चिन्नप्पा पिल्लै की देख-रेख में तविल;

पेम्पा खां मंगानियार और मेहरदीन लंगा की देख-रेख में राजस्थान के सुषिर वाद्य (मुरली और सतारा);

गुरु कित्तप्पा पिल्लै की देख-रेख में (इसई वेल्लालर समुदाय के छात्रों के लिए) नत्तुवंगम और भरतनाट्यम में प्रशिक्षण;

गुरु कोग्गा कामथ की देख-रेख में यक्षगान गोम्बे आट्टा (कर्नाटक की डोरी पुतुल);

गुरु जी.एन. सजनवाज़ की देख-रेख में सूफ़ियाना कलाम;

वेदांतम सत्यनारायण शर्मा [illegible] देख-रेख में कूचिपूड़ि महिला भूमिकाएँ।

कूटियाट्टम और छऊ को समर्थन

अकादेमी ने कूटियाट्टम और सरायकेला, मयूरभंज तथा पुरूलिया के छऊ नृत्यों को उन कलात्मक परंपराओं के रूप में पहचान की जो अब लुप्त होती जा रही हैं। विद्यमान प्रशिक्षण केंद्रों को सुदृढ़ करके और इसके साथ ही प्रशिक्षण और प्रदर्शन के नए केंद्रों को स्थापित करके इन कलाओं को समर्थन दिया जा रहा है। नृत्य एवं संगीत में विशिष्ट प्रशिक्षण के राष्ट्रीय केंद्रों की स्थापना के लिए योजनागत कार्यक्रम के जरिए यह कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है।

कूटियाट्टम

अकादेमी, कूटियाट्टम के समर्थन कार्यक्रम के अधीन प्रशिक्षण और नियमित प्रदर्शनों के जरिए इस कला का व्यवस्थित रूप से प्रसार करने पर ध्यान दे रही है। वर्ष 1991 में शुरू किए गए इस कार्यक्रम के जरिए इरिंजालाकुड़ा में गुरु अम्मानपुर चाचु चाक्यार स्मारक गुरुकुलम को प्रशिक्षण प्रयोजन के लिए समर्थन दिया जाता है और "मार्गी", तिरुवनंतपुरम को प्रदर्शनों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। गुरु पी.के. नारायण नम्बियार के कार्यक्रम के अधीन मिषाव-वादन में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है।

कूटियाट्टम को सुस्थापित करने की कुछेक अन्य योजनाएँ क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में है। इन योजनाओं में केरल, कलामंडलम्, चेरूतिरूति में कूटियाट्टम में प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ करना, पुस्तकों और पांडुलिपियों के प्रलेखन और पुनर्मुद्रण, नांगयार कूत्तु को समर्थन और केरल में वार्षिक कूटियाट्टम उत्सव आयोजित करना शामिल है।

छऊ

26 गाँवों का सर्वेक्षण करने के पश्चात् वर्ष 1994 में मयूरभंज छऊ में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया था और 9 माह पश्चात् इसकी समीक्षा की गई थी। समीक्षा समिति की सिफारिशों पर कार्यक्रम को जारी रखा गया था। इस कार्यक्रम में बारीपदा, रायरगपुर, भुकुंडी और चित्रादा में नर्तकों के प्रशिक्षण के लिए बजीफे देना, मोहुरी और ढोल के छात्रों को वज़ीफे देना और संगीत के शिक्षकों तथा संगतकारों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम चलाना शामिल है।

छऊ गुरुओं की प्रशिक्षण क्रियाविधियों की विस्तृत रिकार्डिंग अकादेमी के अभिलेखागार के लिए की गई है।

अंतर-राज्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

यह कार्यक्रम प्रदर्शनकारी कलाकारों के दलों और अलग-अलग कलाकारों के पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हमारी प्रदर्शनकारी कलाओं की परंपरा के बारे में पूर्ण जागरूकता पैदा करता है। हालाँकि इस कार्यक्रम को कार्यान्वित करने का दायित्व राज्य सरकारों का है। अकादेमी आदान प्रदान कार्यक्रम के बारे में सम्बंधित सरकारों को परामर्श देकर, प्रायोजित दौरों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करके और उनमें समन्वय स्थापित करके निर्णायक भूमिका निभाती है।

प्रत्येक वर्ष राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श करके आदान-प्रदान कार्यक्रम तैयार किया जाता है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों का 20वां सम्मेलन वर्ष 1996 में दिल्ली में आयोजित किया गया था।

कार्यकारिणी मंडल की सिफारिश के अनुसार, एक समिति द्वारा इस योजना की समीक्षा की गई थी, जिसने चयन और प्रदर्शनों की प्रस्तुति की गुणता के साथ-साथ कार्यक्रम के वित्तीय प्रावधानों में वृद्धि करने के बारे में बहुत-सी सिफारिशें कीं। इन सिफारिशों को राज्य सरकारों की राय जानने के लिए परिचालित किया गया था, जिसके पश्चात् विभिन्न सुझावों का समावेश करके योजना को अंतिम रूप दिया गया था।

वर्ष 1996-97 के दौरान, सम्मेलन के निर्णय के आधार पर निम्न दौरे आयोजित किए गए :

1. महाराष्ट्र के एक 30 सदस्यीय दल ने 10 से 17 नवंबर, 1996 तक हिमाचल प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन : शिमला, रामपुर, झाकरी, सूनी, सुंदरनगर, विलासपुर।

2. दिल्ली के एक दल ने 7 से 16 दिसंबर, 1996 तक महाराष्ट्र का दौरा किया। प्रदर्शन : मुंबई, नासिक, दूलिया, जलगांव, औरंगाबाद, अहमदनगर।

3. सिक्किम के एक 29 सदस्यीय दल ने 16 से 25 दिसंबर, 1996 तक बिहार का दौरा किया।

4. गोवा के एक दल ने 27 दिसंबर, 1996 से 3 जनवरी, 1997 तक तमिलनाडु का दौरा किया। प्रदर्शनों का विस्तृत ब्यौरा अभी प्राप्त नहीं हुआ है।

5. तमिलनाडु के एक दल ने 25 दिसंबर, 1996 से 5 जनवरी 1997 तक गोवा का दौरा किया। प्रदर्शन : वासको, पाणाजी, केनाकोना, वेल्पोई, मरगाव।

6. हिमाचल प्रदेश के एक 30 सदस्यीय दल ने 3 से 12 जनवरी, 1997 तक महाराष्ट्र का दौरा किया। प्रदर्शन : मुंबई, थाने, गोरेगांव करनाल, पुणे।

7. विहार के एक 30 सदस्यीय दल ने 8 से 19 जनवरी, 1997 तक सिक्किम का दौरा किया। प्रदर्शन : गंगटोक, जोरथंग (4)।

8. हिमाचल प्रदेश के एक 30 सदस्यीय दल ने 13 से 24 जनवरी, 1997 तक राजस्थान का दौरा किया। प्रदर्शन : जयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, उदयपुर, सिरोही, जोधपुर।

9. हरियाणा के एक 26 सदस्यीय दल ने 10 से 21 फरवरी, 1997 तक उड़ीसा का दौरा किया। प्रदर्शन : पुरी, राउरकेला, उदिथागर, राजगंगापुर, बीरमित्रपुर, सुंदरगढ़।

10. सिक्किम के एक 25 सदस्यीय दल ने 22 फरवरी से 10 मार्च, 1997 तक तमिलनाडु का दौरा किया।

11. जम्मू एवं कश्मीर के एक 22 सदस्यीय दल ने 24 फरवरी से 1 मार्च, 1997 तक हरियाणा का दौरा किया। प्रदर्शन : चंडीगढ़, अम्बाला, हिसार, सोनीपत।

12. मणिपुर के एक 18 सदस्यीय दल ने 27 फरवरी से 6 मार्च, 1997 तक जम्मू एवं कश्मीर का दौरा किया। प्रदर्शन : कथुआ, जम्मू (2), राजौरी।

13. राजस्थान के एक 24 सदस्यीय दल ने 5 से 16 मार्च, 1997 तक हिमाचल प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन : शिमला, मंडी, माहिरपुर, सरन, बैजनाथ।

14. आंध्र प्रदेश के एक 25 सदस्यीय दल ने 10 से 17 मार्च, 1997 तक त्रिपुरा का दौरा किया। प्रदर्शन : अगरतला, सोनामूरा, उदयपुर, कुमारघाट, धर्मनगर, कैलाशहर।

15. तमिलनाडु के एक दल ने 10 से 17 मार्च, 1997 तक सिक्किम का दौरा किया।

16. उड़ीसा के एक 31 सदस्यीय दल ने 17 से 25 मार्च, 1997 तक हरियाणा का दौरा किया। प्रदर्शन : रिवाड़ी, नारनौल, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र, पंचकूला।

17. त्रिपुरा के एक दल ने 20 से 31 मार्च, 1997 तक आंध्र प्रदेश का दौरा किया।

भारत और अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

विशिष्ट प्रदर्शनकारी कलाओं का निकाय होने के कारण अकादेमी पर भारत तथा अन्य देशों के बीच होने वाले सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत कुछ महत्वपूर्ण कार्य करने की जिम्मेदारी है। अकादेमी इसमें मुख्यतः भारत की प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित सामग्री और सूचना प्रदान करने के निकासी गृह के रूप में, विभिन्न देशों की संस्थाओं के साथ पुस्तकों, टेपों और अन्य प्रकाशित अथवा पुरालेखी सामग्री का आदान-प्रदान करने का कार्य करती है। समय-समय पर अकादेमी विशिष्ट कार्यक्रमों के प्रावधानों के अधीन भारतीय विशेषज्ञों और प्रदर्शनकारी कलाकारों को विदेश भी भेजती है और विदेशी विशेषज्ञों और कलाकारों को *भारत में आमंत्रित करती है।*

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, अकादेमी ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत, प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित डिस्क, श्रव्य-कैसेट और प्रकाशन बहुत-से देशों की संस्थाओं को भेजे। अकादेमी में आए विदेशी विद्वानों और विशेषज्ञों को प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित सामग्री उपहार-स्वरूप भेंट की गई।

प्रकाशन

अकादेमी के प्रकाशन कार्यक्रम के अंतर्गत, जो वर्ष 1953 में अकादेमी की स्थापना के तुरंत बाद शुरू किया *गया था*, प्रदर्शनकारी कलाओं पर पुस्तकें तथा मॉनोग्राफ़, त्रैमासिक पत्रिका *संगीत नाटक* का प्रकाशन सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त संगीत, नृत्य और नाटक संबंधी प्रकाशनों के संवर्धन के लिए अकादेमी इनके लेखकों और प्रकाशकों को अंग्रेज़ी और भारतीय भाषाओं की पुस्तकों और पत्रिकाओं के लिए अनुदान प्रदान करके मदद करती है। अकादेमी के प्रकाशनों की सूची परिशिष्ट-5 पर दी गई है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान *संगीत नाटक* के सं. 120 से 123 अंक निकाले गए। अकादेमी ने प्रख्यात कूटियाट्टम कलाकार मणि माधव चाक्यार की केरल कलामंडलम् द्वारा मलयालम में मूल रूप से प्रकाशित पुस्तक *नाट्यकल्पद्रुमम* का हिंदी रूपांतर भी प्रकाशित किया। पुस्तक का संपादन अकादेमी की उपाध्यक्ष डॉ. प्रेमलता शर्मा द्वारा किया गया। यह कार्य अकादेमी द्वारा क्रियान्वित कूटियाट्टम को समर्थन देने की योजना का एक भाग था।

प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित निम्नलिखित पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बहुरूपी (20,000 रु.); नाटकवेली (15,000 रु.); श्रुति (30,000 रु.); जनरल ऑफ द इंडियन म्यूजिकोलोजिकल सोसाइटी (20,000 रु.); सूत्रधार (20,000 रुपए); जनरल ऑफ द म्यूजिक एकेडमी (10,000 रु.); नटरंग (15,000 रु.)।

इसके अतिरिक्त, श्रीराम सेंटर फार पर्फोमिंग आर्ट्स को विजय तेंदुलकर द्वारा दिए गए दसवें श्रीराम स्मारक व्याख्यान "द प्ले इज़ दी थिंग" को प्रकाशित करने के लिए 10,000 रु. प्रदान किए गए।

प्रलेखन एवं प्रसार

गत वर्षों में संगीत नाटक अकादेमी ने प्रदर्शनकारी कलाओं पर श्रव्य-टेपों, फोटोग्राफ़ और फ़िल्मों का एक बड़ा अभिलेखागार तैयार कर लिया है और वर्ष 1981 से इसमें वीडियो टेपों को भी शामिल किया गया है। संगृहीत सामग्री का प्रचार श्रव्य एवं दृश्य को सुनने एवं देखने की व्यवस्था, संगीत के ध्वन्यांकन एवं पुनरांकन और फ़िल्म प्रोजेक्शन द्वारा की जाती है। प्रकाशनों, फ़िल्मों और दूरदर्शन के साथ-साथ भारत की प्रदर्शनकारी कलाओं के अनुसंधान कार्यों में अकादेमी के अभिलेखागार की सामग्री का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है।

वर्ष 1996.97 के दौरान अकादेमी के अभिलेखागार में 4670 रंगीन फ़ोटोग्राफ़, 1500 ट्रैन्सपेरेंसी, 120 घंटों की श्रव्य रिकार्डिंग और 310 घंटों की वीडियो रिकार्डिंग को जोड़ा गया है। इस संग्रह में अब मुख्य रूप से भारतीय संगीत, नृत्य और रंगमंच से संबंधित 1.44 लाख फ़ीट से अधिक 16 एम.एम. फ़िल्म; 1,10,770 फ़ोटोग्राफ़, 31,725 ट्रैन्सपरेंसी, 6,000 घंटों की श्रव्य रिकार्डिंग और 2,780 घंटों की वीडियो रिकार्डिंग है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान तैयार की गई श्रव्य और दृश्य रिकार्डिंग की सूची परिशिष्ट-6 में दी गई है। इनमें से अधिक महत्वपूर्ण रिकार्डिंग का उल्लेख नीचे किया गया है।

मेलात्तूर में वार्षिक नरसिंह जयंती समारोह के अवसर पर भागवत मेला के 20 घंटे से अधिक के प्रदर्शन रिकार्ड किए गए थे। रिकार्डिंग में *प्रह्लाद चरितम, रुक्मिणी कल्याणम्, हरविलासम् दशावतरम, सीता परिणयम् और उषा परिणयम्* सम्मिलित हैं।

प्रख्यात कथकली आचार्य कुमारन नायर की शिक्षण प्रणाली, युवा कथकली अभिनेताओं और शिक्षकों के साथ उनके वार्तालाप, महत्वपूर्ण भूमिकाओं में उनके प्रदर्शन के साथ-साथ एक साक्षात्कार की पर्याप्त रिकार्डिंग की गई थी।

कथक आचार्य बिरजू महाराज की नौ घंटे से अधिक की वीडियो फिल्म तैयार की गई। इस प्रलेखन में निदर्शन, नृत्य-शिक्षण और एस.के. सक्सेना के साथ एक साक्षात्कार सम्मिलित है।

सार्वजनिक समारोहों में भुवनेश्वर में आयोजित ओडिसी नृत्योत्सव

टीटाबोर, असम में अंकिया-नट

शामिल है जिसमें 125 युवा नर्तकों और 35 नृत्य-शिक्षकों के प्रदर्शनों की विस्तृत श्रव्य एवं दृश्य रिकार्डिंग की गई थी।

इसी प्रकार, कूचिपूड़ि नृत्योत्सव, हैदराबाद में 215 से अधिक कूचिपूड़ि नर्तकों और शिक्षकों के प्रदर्शनों को रिकार्ड किया गया था।

परंपरागत नाट्यकला रूपों में से असम के अंकिया मऔना, कर्नाटक के कृष्ण पारिजात, गुजरात के भवई और उड़ीसा के प्रह्लाद नाटक की रिकार्डिंग दिल्ली में आयोजित पारंपरिक नाट्योत्सव में की गई थी। इसके अतिरिक्त, माजुली, सिबसागर, बर्दवार और टीटाबोर में असम के अधिकांश सत्रों में नृत्य, संगीत और अंकिया नट को रिकार्ड किया गया था। प्रलेखन के इस कार्यक्रम के विशेषज्ञ प्रो. प्रदीप मोहंता थे।

त्रिपुरा के लोक और जनजातीय नृत्य और संगीत को उत्तर, दक्षिण और पश्चिम त्रिपुरा में रिकार्ड किया गया। इसमें दारलोंग, मिजो (लुशाई),

अकादेमी के स्टूडियो में सुमति मुटाटकर से बातचीत करते हुए प्रेमलता शर्मा।

अकादेमी के अभिलेखागार के लिए हाफिज़ अहमद खां रिकार्डिंग कराते हुए।

चेरियो नृत्य, त्रिपुरा।

चकमा, त्रिपुरी, हालम, गारो, कूकी, रिआंग और भोग जनजातियाँ शामिल थीं।

इस अवधि के दौरान, ग्वालियर घराने के एल.के. पंडित, रामपुर-सहसवान घराने के उस्ताद हाफिज़ अहमद खां और दिल्ली और आगरा-अतरौली घराने के अन्य कलाकारों के साक्षात्कारों और निदर्शनों को रिकार्ड किया गया था।

डायमंड हार्बर में आयोजित छड़ और हस्त पुतुल के राष्ट्रीय समारोह और कार्यशाला की भी वीडियो फिल्म तैयार की गई थी। बंगलौर में आयोजित नृत्य संरचनात्मक कृतियों के समारोह की भी फिल्म तैयार की गई थी। इसमें गत वर्षों में मृणालिणी साराभाई और चन्द्रलेखा की रचनाओं में हुए विकास से संबंधित व्याख्यान-निदर्शन और साक्षात्कार शामिल है।

मयूरभंज के छऊ नृत्य की एक 40 मिनट की वीडियो फिल्म पूरी की गई थी जिसमें प्रख्यात गुरुओं के निदर्शन सम्मिलित है।

कथकली गुरु के. कुमारन नायर।

संग्रहालय

अकादेमी अपने स्थापना काल **से ही** संगीत वाद्ययंत्रों, मुखौटों एवं शिरस्त्राणों, पुतलियों और अन्य सामग्रियों का संग्रह करती आ रही है। फिर भी, व्यवस्थित रूप से सामग्री का संग्रहण वर्ष 1968 से ही आरंभ हुआ, जब अकादेमी ने लोक और जनजातीय संगीत वाद्ययंत्रों की एक मुख्य प्रदर्शनी का आयोजन किया। तब से संग्रहालय में नियमित रूप से संग्रहण किया जा रहा है और इनमें संगीतज्ञों और अभ्यागत मंडलियों से उपहार के रूप में प्राप्त वस्तुएँ भी शामिल हैं। अब संग्रहालय में लगभग 1300 कलाकृतियाँ हैं जिनमें से 250 को गैलरी में प्रदर्शनार्थ रखा गया है। इसमें मुख्य रूप से लोक, जनजातीय और शास्त्रीय संगीत वाद्ययंत्र हैं। इसमें मुखौटों, पुतलियों, पोशाकों और अन्य हस्तकृतियों का भी पर्याप्त संग्रह है।

वस्तुओं का व्यवस्थित संख्यांकन, परिग्रहण, अनुक्रमणी और सूची-पत्र तैयार करने का कार्य लगभग दो वर्ष पहले शुरु किया गया था। यह कार्य वर्ष 1996.97 में भी जारी रहा। अकादेमी द्वारा आयोजित विभिन्न समारोहों के अवसर पर विशेष प्रदर्शनियाँ लगाई गईं।

पुस्तकालय और श्रव्य/दृश्य लाइब्रेरी

पिछले कई वर्षों में अकादेमी के पुस्तकालय में प्रदर्शनकारी कलाओं पर पुस्तकों का एक विशिष्ट संग्रह किया गया है, इनमें से बहुत-सी पुस्तकें एसी हैं जो या तो दुर्लभ हैं या जिनका प्रकाशन बन्द हो गया है। मुख्य रूप से प्रदर्शनकारी कलाओं के छात्रों और अनुसंधानकर्ताओं की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पुस्तकालय में देश-विदेश की लगभग 100 पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं और पुस्तकालय में अब कुल पुस्तकों की संख्या 20,670 है।

श्रव्य/दृश्य लाइब्रेरी के संग्रह में अब 9,675 डिस्क, 1,424 प्री-रिकार्डिड कैसेट और 763 से अधिक ऑडियो कैसेट हैं।

संग्रह में अब नृत्य, संगीत और नाटक के 72 वीडियो कैसेट के अलावा भारतीय संगीत के 136 से ऊपर कम्पेक्ट डिस्क भी शामिल हैं।

अनुसंधानकर्त्ताओं को परियोजना अनुदान

वर्ष 1973 से ही अकादेमी भारत में प्रदर्शनकारी कलाओं के अनुसंधान के लिए निधियाँ उपलब्ध कराती आ रही हैं। ये अनुदान संगीत, नृत्य और रंगमंच में कार्यरत व्यक्तिक अनुसंधानकर्त्ताओं को दिए जाते हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, हिमाचल प्रदेश में पारंपरिक वाद्ययंत्रों के सर्वेक्षण, भरतनाट्यम में संचारी भावों के प्रलेखन और कथकली की दो विशिष्ट शैलियों के प्रशिक्षण के लिए अनुसंधान अनुदान दिए गए थे। इन अनुदानों का विवरण परिशिष्ट-7 में दिया गया है।

सांस्कृतिक संस्थाओं और व्यक्तियों को अनुदान

अकादेमी अपने स्थापना काल से ही संगीत, नृत्य और नाटक संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती आ रही है। वर्ष 1996-97 में, अकादेमी की अनुदान समिति ने रुपये 32.24 लाख की राशि 215 सांस्कृतिक संस्थाओं को और रुपए 1.51 लाख की राशि 11 पुतुल दलों को संस्वीकृत की। ये अनुदान विभिन्न प्रयोजनों के लिए दिए गए थे, यथा प्रशिक्षण, प्रस्तुतियाँ, तकनीकी उपकरणों की खरीद, प्रदर्शन आदि। संस्थाओं को दिए गए अनुदान का विवरण परिशिष्ट.8 में दिया गया है। अध्यक्ष के विवेकानुदान से रुपए 40,000 की राशि मंजूर की गई जिसका विवरण परिशिष्ट-9 में दिया गया है।

पुतुल कला से संबंधित संस्थाओं को मंजूर की गई अनुदान राशि का विवरण परिशिष्ट-10 में दिया गया है।

वे संस्थाएँ, जिन्होंने संगीत और नृत्य समारोह तथा संगोष्ठी एवं कार्यशाला आयोजित करने के लिए अनुदान प्राप्त किया है उनकी सूची परिशिष्ट-11 में दी गई है।

नई योजनाएँ

भारतीय संगीत, नृत्य और रंगमंच पर आधार ग्रंथ

अकादेमी ने महाकोश कार्यक्रम के स्थान पर "भारतीय संगीत, नृत्य और रंगमंच पर आधार ग्रंथ" की एक नई परियोजना शुरू की है। इसके अंतर्गत भारतीय संगीत, नृत्य और रंगमंच के तीन खंड तैयार और प्रकाशित करने का विचार है। प्रारंभ में संगीत-खंड को शुरू करने का विचार है जिसमें उत्तरी और दक्षिणी भारत के संगीत रूपों के साथ-साथ क्षेत्रीय रूपों को शामिल किया जाएगा। पुस्तक के दो भाग होंगे : पहले भाग में संगीतकारों की जीवनियाँ होंगी और दूसरे भाग में विषय के तकनीकी पक्षों की जानकारी होगी।

हालाँकि इस प्रस्ताव को नौवीं योजना में सम्मिलित किया गया है, फिर भी, समीक्षाधीन अवधि के दौरान इस का प्रारंभिक कार्य डॉ. प्रेमलता शर्मा के मार्गदर्शन में शुरू कर दिया गया था।

भारतीय संगीत केंद्र की स्थापना

अकादेमी का भारतीय संगीत केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है जिसमें न्यूनतम स्टाफ और प्रतिवर्ष 40 लाख रुपए के अनुमानित बजट के साथ गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस योजंना को, जिसे कार्यकारिणी मंडल ने पहले ही अनुमोदित कर दिया था, संस्कृति विभाग ने भी अनुमोदन प्रदान कर दिया है। अपेक्षित पदों का सृजन करने के संबंध में अनुमोदन की प्रतीक्षा है।

बजट तथा लेखा

अकादेमी को अपनी गतिविधियों पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए भारत सरकार के संस्कृति विभाग से सहायता अनुदान प्राप्त होता है। वित्त वर्ष 1996.97 में योजनेतर और योजनागत व्यय के लिए अकादेमी का बजट इस प्रकार था :

	बजट अनुमान 1996-97 *(रुपए हजार में)*	संशोधित अनुमान 1996-97 *(रुपए हजार में)*
योजनेतर	1,61,47	1,76,47
योजनागत	3,10,10	3,10,10

वार्षिक लेखाओं का समेकित विवरण, जिसमें प्राप्ति और अदायगी लेखा, आय तथा व्यय लेखा और संगीत नाटक अकादेमी एवं इसकी घटक इकाइयों – जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी, इम्फाल, कथक केंद्र और रवींद्र रंगशाला, दिल्ली के 1996-97 के तुलन-पत्र सम्मिलित हैं, परिशिष्ट 12 से 17 में दिया गया है।

हिंदी का प्रगामी प्रयोग

अकादेमी में राजभाषा नीति के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है। वर्ष 1993 में स्थापित हिंदी सेल द्वारा इस कार्य की देखभाल की जाती है।

भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार, विभिन्न समारोहों और कार्यक्रमों से संबंधित प्रचार सामग्री हिंदी और अंग्रेजी में मुद्रित की गई थी। जहाँ कहीं संभव है वहाँ हिंदी में पत्राचार करने के संबंध में उपाय किए जा रहे हैं।

स्मृति में

आलोच्य वर्ष के दौरान पूर्व के वर्षों में अकादेमी द्वारा रत्न-सदस्यता और पुरस्कारों से सम्मानित कलाकारों सहित प्रदर्शनकालाओं के अनेक प्रख्यात कलाकारों का देहावसान हो गया। अकादेमी ने उन महान कलाकारों के निधन पर शोक प्रकट किया।

नौटंकी अभिनेत्री **गुलाब बाई** का देहावसान 13 जुलाई, 1996 को हुआ। आपको 1984 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

कर्नाटक गायिका **टी. बृंदा** का देहावसान 7 अगस्त, 1996 को हुआ। आपको 1965 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

हिंदुस्तानी गायिका **मणिक वर्मा** का देहावसान 10 नवंबर, 1996 को हुआ। आपको 1986 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

रंगमंच के विख्यात कलाकार **गोवर्धन पांचाल** का देहावसान 25 नवंबर, 1996 को हुआ। आपको 1985 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

पखावज वादक **रामशंकरदास पगलदास** का देहावसान 21 जनवरी, 1997 को हुआ। आपको 1988 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

प्रख्यात संगीतज्ञ **ज्ञान प्रकाश घोष** का देहावसान 17 फरवरी, 1997 को हुआ। आपको 1974 में अकादेमी की रत्नसदस्यता से सम्मानित किया गया था।

कथक केंद्र : दिल्ली

संगीत नाटक अकादेमी की एक घटक इकाई कथक केंद्र देश की एक अग्रणी नृत्य शिक्षण संस्था है। वर्ष 1964 में स्थापित इस संस्था में कथक नृत्य और उससे संबद्ध विषयों, जैसे हिंदुस्तानी गायन और पखावज के बहुत-से पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। प्रारम्भिक पाठ्यक्रम इस प्रकार हैं : 7-16 आयु वर्ग के छात्रों के लिए नृत्य में अंशकालिक एक वर्षीय बुनियादी पाठ्यक्रम और 13-22 आयु वर्ग के छात्रों के लिए अंशकालिक तीन वर्षीय डिप्लोमा (पास) पाठ्यक्रम। नृत्य में उच्च पूर्णकालिक पाठ्यक्रम हैं - तीन वर्षीय डिप्लोमा (ऑनर्स) पाठ्यक्रम (16-24 आयु वर्ग के लिए) और दो वर्षीय पोस्ट-डिप्लोमा पाठ्यक्रम (19-26 आयु वर्ग के लिए)। हिंदुस्तानी गायन और पखावज वादन में तीन वर्षीय विशेष पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। नृत्य शिक्षकों और केंद्र के उन छात्रों के लिए, जिन्होंने डिप्लोमा (ऑनर्स) या पोस्ट-डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूरे कर लिए हैं और कथक शिक्षण कार्य करना चाहते हैं, एक वर्ष का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम भी चलाया जाता है।

कथक केंद्र में एक प्रस्तुति एकक भी है जिसका उद्देश्य प्रयोगात्मक कार्य के माध्यम से कथक के रंगपटल और तकनीकों को समृद्ध करना है। केंद्र में जिन विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है, उनके लिए प्रतिष्ठित शिक्षकों की सेवाएँ उपलब्ध हैं।

केंद्र का प्रबंध संगीत नाटक अकादेमी के कार्यकारिणी मंडल में निहित है, जिसको सलाहकार समिति सहायता प्रदान करती है। सलाहकार समिति का अध्यक्ष संगीत नाटक अकादमी का उपाध्यक्ष है। केंद्र की गतिविधियाँ और कार्यक्रम निम्न प्रकार हैं :

उत्सव

दीक्षांतोत्सव

विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों की वार्षिक व्यावहारिक परीक्षा दीक्षांतोत्सव केंद्र में प्रशिक्षण की समाप्ति के रूप में आयोजित किया जाता है। इस उत्सव में प्रस्तुत कार्यक्रम से छात्रों के साथ-साथ प्रदर्शनकर्ता की योग्यता का मूल्यांकन करने में सहायता मिलती है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कार्यक्रम 6 से 12 मई 1996 तक आयोजित किया गया जिसमें 30 छात्रों ने भाग लिया।

शरच्चंद्रिका

यह केंद्र वर्ष 1984 से प्रत्येक वर्ष शरच्चंद्रिका उत्सव का आयोजन कर रहा है। इस उत्सव से युवा नर्तकों को अपने वरिष्ठ कलाकारों के साथ एक

कथक केन्द्र में पंडित बिरजू महाराज अपने शिष्यों के साथ।

ही मंच पर प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। यह उत्सव दिल्ली में 25 से 28 अक्तूबर, 1996 तक आयोजित किया गया जिसमें 20 कथक नर्तकों ने भाग लिया। 25 अक्तूबर को मानसी डबराल, राजी बी. नागपाल, हरीश गंगानी, शुभा और दर्शिनी और वीरोनीक अजान ने प्रदर्शन किए। 26 अक्तूबर को सुमुखी कुलकर्णी, असावरी पवार, परमिता मैत्रा, दीपक महाराज और गीतांजली लाल ने प्रदर्शन किए। 27 अक्तूबर को रश्मि उप्पल विद्या देशपांडे, शिखा खरे, मनीष गंगानी और नंदिनी सिंह ने प्रदर्शन किए। 28 अक्तूबर को प्रतीति भट्टाचार्य, शंभावी वाज, किरण चौहान, लेखराम कोहली और सस्वती सेन ने प्रदर्शन किए।

कथक महोत्सव 1997

यह वार्षिक उत्सव कमानी ऑडिटोरियम, दिल्ली में 1 से 4 मार्च, 1997 तक आयोजित किया गया था। कार्यक्रम निम्न प्रकार था :

1 मार्च

कथक केंद्र, दिल्ली की छात्र भारती गुप्ता द्वारा समूह रचना;

कथक केंद्र, लखनऊ के छात्र अर्जुन मिश्रा द्वारा समूह रचना;

रामलाल के शिष्य (अल्पना बाजपेयी और विजया शर्मा), भोपाल;

मौलिक शाह और इशीरा पारिख, अहमदाबाद।

2 मार्च

कथक केंद्र, दिल्ली की छात्रा गीतांजली लाल द्वारा समूह रचना;

वैशाली त्रिवेदी और प्रशांत शाह, अहमदाबाद;

मनीषा साठे, पुणे द्वारा समूह रचना;

राममोहन और कृष्ण मोहन, दिल्ली।

3 मार्च

मलय भट्टाचार्य, कलकत्ता द्वारा समूह रचना;

रोहिणी भाटे, पुणे द्वारा समूह रचना;

मुन्ना शुक्ला, कथक केंद्र, दिल्ली के शिष्य;

चेतना जालान, कलकत्ता द्वारा समूह रचना;।

राजेंद्र कुमार गंगानी और पारूल सिंह, दिल्ली।

4 मार्च

रीता मुस्तफी, कलकत्ता द्वारा समूह रचना;

प्रभा मराठे, पुणे द्वारा समूह रचना;

ऊर्मिला नागर, दिल्ली;

विजय शंकर, कलकत्ता द्वारा समूह रचना;

बिरजू महाराज, दिल्ली द्वारा प्रस्तुत परंपरा प्रवाह।

होली उत्सव

28 और 29 मार्च, 1997 को कथक केंद्र द्वारा बहावलपुर हाउस, दिल्ली के मैदान में *होरी धूम मचोरी* प्रस्तुत किया गया।

स्थानीय प्रायोजित कार्यक्रम

केंद्र द्वारा दिल्ली में निम्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए :

(क) मीरा हरि रंग राची 9, 10 और 11 अप्रैल, 1996 को सीपीसी, खेलगांव मार्ग।

(ख) 2 अगस्त, 1996 को फिक्की ऑडिटोरियम में वास्वती मिश्रा द्वारा नृत्यसंरचनाकृत समूह नृत्य।

(ग) 17 सितंबर, 1996 को मेहरौली में गुरू मुन्ना शुक्ला द्वारा नृत्यसंरचनाकृत समूह नृत्य।

इसके अतिरिक्त, कथक केंद्र में 1 और 3 अगस्त, 1996 को कथक नृत्य पर एक कार्यशाला का संचालन किया गया था।

वार्षिक परीक्षा

कथक केंद्र द्वारा वार्षिक परीक्षा का आयोजन 6 से 14 मई 1996 तक किया गया। प्रशिक्षण के विभिन्न पाठ्यक्रमों में 129 छात्रों को सफल घोषित किया गया। केंद्र द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों में 99 प्रशिक्षणार्थियों को प्रवेश दिया गया। केंद्र द्वारा 53 योग्यता छात्रवृत्तियाँ और छह शिक्षुता अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की गई।

जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी : इम्फाल

जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी संगीत नाटक अकादेमी की एक घटक इकाई है। इसकी स्थापना भारत सरकार द्वारा जनवरी, 1954 में मणिपुर नृत्य कालेज के रूप में हुई। इस संस्था को वर्ष 1957 तक संगीत नाटक अकादेमी से वित्तीय सहायता प्राप्त होती रही। इसी वर्ष से यह संगीत नाटक अकादेमी का एक भाग बन गई और इसका नाम बदलकर जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी रखा गया। जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी की एक सलाहकार समिति है, जिसकी अध्यक्षता (पदेन) मणिपुर के राज्यपाल करते हैं। यह समिति इस संस्था के कार्यक्रमों और योजनाओं को तैयार करती है। परामर्श देने और सिफारिशें करने वाली यह सलाहकार समिति जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी के प्रबंध में अकादेमी के कार्यकारिणी मंडल की सहायता करती है।

देश में मणिपुरी नृत्य में शिक्षण देने वाली अग्रणी संस्था के रूप में जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी मणिपुरी नृत्य, संगीत और लाई हरोबा तथा थांग-टा जैसे संबद्ध विषयों के बहुत-से व्यापक पाठ्यक्रम चलाती है। इन पाठ्यक्रमों को व्यावसायिक कलाकारों के लिए बुनियादी पाठ्यक्रमों के रूप में तैयार किया गया है। इस संस्था में लब्धप्रतिष्ठ शिक्षक पढ़ाते हैं। इसमें एक प्रस्तुति एकक भी है।

जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी में चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रम निम्न प्रकार हैं : 10-14 आयु वर्ग के छात्रों के लिए तीन वर्षीय (अंशकालिक) बुनियादी पाठ्यक्रम; 14-18 आयु वर्ग के छात्रों के लिए तीन वर्षीय पूर्णकालिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम; और तीन वर्षीय (अंशकालिक) पोस्ट-डिप्लोमा पाठ्यक्रम। बुनियादी और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नृत्य और संकीर्तन में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। पोस्ट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में लाई हरोबा, नट-ईशेई, नट-चोलम, नट-पुंग और रास में विशेषज्ञता प्रदान की जाती है।

कार्यक्रम

गीत गोविंद नृत्यों का फिल्मांकन

जयदेव के *गीत गोविंद* पर आधारित मणिपुरी नृत्यों का फिल्मांकन अकादेमी में 1 से 8 मई, 1996 तक किया गया। इस परियोजना को इंदिरागांधी नेशनल सेंटर फार दी आर्ट्स, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया था और इसका उद्देश्य गुरु अमूबी सिंह की रचनाओं का परिरक्षण करना था।

5 दिवसीय लाई हरोबा उत्सव

अकादेमी द्वारा 7 से 11 जून, 1996 तक संस्थान के परिसर में भगवान ईबुधाऊ चकाहबा के पुण्यस्थान पर लाई हरोबा उत्सव आयोजित किया गया था। इस समारोह में गुरुओं, कलाकारों और छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर उत्सव से संबंधित संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया था।

काईबुल-लामजाओ

21 जून, 1996 को पैलेस कम्पाउंड पर भाग्यचंद्र खुला रंगमंच के उद्घाटन के अवसर पर *काईबुल-लामजाओ* नृत्य-नाटिका का प्रदर्शन किया गया था। खुला रंगमंच का उद्घाटन श्री ओ.एन. श्रीवास्तव द्वारा किया गया। समारोह में बहुत-से मंत्रियों, अधिकारियों और जनता ने भाग लिया। मणिपुर में सरकारी यात्रा पर आए भारत के उपराष्ट्रपति श्री के. आर. नारायण के सम्मान में *काईबुल-लामजाओं* का प्रदर्शन 6 नवंबर, 1996 को अकादेमी के ऑडिटोरियम में भी किया गया था।

प्रायोजित कार्यक्रम

अकादेमी के कलाकारों और छात्रों ने इम्फाल में निम्नलिखित पारंपरिक मणिपुरी नृत्य और संगीत के प्रायोजित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन प्रदर्शनों को निम्नलिखित द्वारा प्रायोजित किया गया था :

1. 8 अप्रैल, 1996 को मणिपुर विश्वविद्यालय के भू-विज्ञान विभाग द्वारा "इंटरएक्शन मीट ऑन अर्थ साइंसिस ऑफ नार्थ-ईस्टर्न इंडिया" के प्रतिनिधियों के सम्मान में।
2. 12 मई, 1996 को मणिपुरी साहित्य परिषद द्वारा परिषद के 61वें वार्षिक सत्र के अवसर पर।
3. 27 जून को मणिपुर विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद ने नेशलन रिमोट सेंसिंग एजेंसी, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार के सहयोग से *अप्रेजल सेमिनार ऑन रिमोट सेंसिंग एंड आई जी बी पी* के प्रतिनिधियों के सम्मान में।
4. 12 जुलाई, 1996 को समाज कल्याण विभाग, मणिपुर सरकार द्वारा डॉ. जान ई. राधे यूनिसेफ के कंट्री प्रतिनिधि और अन्यों के सम्मान में।
5. 24 जुलाई, 1996 को रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईस (आर आई एम एस) द्वारा त्रिपुरा, मिजोरम और असम के स्वास्थ्य मंत्रियों के सम्मान में जब वे आर आई एम एस के शासक-मंडल की बैठक के समय पर मणिपुर आए थे।
6. 1 अगस्त 1996 को राज भवन सचिवालय द्वारा मणिपुर आए इंडो-म्यानमार कंटिक्ट ग्रुप सदस्यों के सम्मान में।

सार्क ड्रमिंग उत्सव

अकादेमी के एक 12 सदस्यीय दल ने 14 से 18 अगस्त 1996 तक श्रीलंका में आयोजित सार्क ड्रमिंग उत्सव में भाग लिया। उत्सव में सार्क के सभी सदस्य देशों ने भाग लिया। भारत का प्रतिनिधित्व केवल अकादेमी के ग्रुप द्वारा किया गया जिसने उत्सव में पुंग-चोलम और ढोल-चोलम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, दिल्ली द्वारा किया गया था।

सिओल में कार्यक्रम

एक 4 सदस्यीय पुंग-चोलम दल ने 4 से 12 अक्तूबर, 1996 तक सिओल का दौरा किया। कार्यक्रम भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया था।

बंगलादेश में भारत उत्सव

अकादेमी के 10 कलाकारों के दल ने 18 से 30 नवंबर, 1996 तक बंगलादेश में एक सप्ताह चले भारत उत्सव में भाग लिया। दल ने ढाका, चित्तागोंग, जैसोर और खुलना में पुंग-चोलम और ढोल-चोलम प्रस्तुत किया। उत्सव में भारत के विभिन्न नृत्य और रंगमंच दलों ने भाग लिया।

तीसरा उदय शंकर नृत्योत्सव

अकादेमी की *लेई-लांगबे* नृत्य-नाटिका 8 दिसंबर, 1996 को पश्चिम बंगाल राज्य संगीत अकादेमी, पूर्वी संभाग सांस्कृतिक केंद्र, वेस्ट बंगाल डांस ग्रुप फेडरेशन द्वारा आयोजित तीसरे उदय शंकर नृत्योत्सव के उद्घाटन दिवस पर प्रस्तुत की गई थी। इसे मधुसूदन मंच, कलकत्ता में प्रस्तुत किया गया था। यह नृत्य-नाटिका पुनः 9 दिसंबर को गिरीश मंच, कलकत्ता में प्रस्तुत की गई थी।

उत्तरार्ध उत्सव

अकादेमी के एक 28 सदस्यीय दल ने 17 से 19 जनवरी, 1997 तक युवा सेवा और सांस्कृतिक गतिविधि विभाग, गुजरात सरकार द्वारा पश्चिम संभाग सांस्कृतिक केंद्र के सहयोग से मोधेरा सन टेम्पल में आयोजित उत्तरार्ध उत्सव में भाग लिया। अकादेमी के दल ने संकीर्तन और महारास निम्न स्थानों पर प्रस्तुत किए। 18 जनवरी, को मोधेरा में, 19 जनवरी को भाव नगर में और 20 जनवरी को सूरत में।

खजुराहो नृत्योत्सव

अकादेमी के एक 17 कलाकारों के दल ने 11 से 17 मार्च, 1997 तक मध्य प्रदेश कला परिषद द्वारा आयोजित

खजुराहो नृत्योत्सव में भाग लिया। अकादेमी ने 16 मार्च, 1997 को वसंतरास प्रस्तुत किया।

नृत्योत्सव

अकादेमी के एक 21 कलाकारों के दल ने 16 से 19 मार्च, 1997 तक बंगलौर में आयोजित नृत्योत्सव में भाग लिया। दल ने संगीत नटाक अकादेमी द्वारा कन्नड़ और संस्कृति निदेशालय, कर्नाटक के सहयाग स आयोजित उत्सव में अकादेमी की लोकप्रिय नृत्य-नाटिका *केईबुल लामजाओ* प्रस्तुत की। आकदेमी ने 19 मार्च को नृत्य-नाटिका का एक और प्रदर्शन, एकल प्रदर्शन और वसंत रास भी प्रस्तुत किए।

इम्फाल में कार्यक्रम

अकादेमी के स्टाफ और छात्रों ने अकादेमी के ऑडिटोरियम में 3, 8 और 17 फरवरी, 1997 को पारंपरिक मणिपुरी नृत्य और संगीत के तीन कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

बैठकें

सलाहकार समिति की बैठक

अकादेमी की सलाहकार समिति **की** बैठक 10 जनवरी, 1997 को राजभवन में महामहिम ओ.एन. श्रीवास्तव, राज्यपाल मणिपुर और अध्यक्ष, सलाहकार समिति की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

प्रस्तुति समिति की बैठक

अकादेमी की प्रस्तुति समिति की बैठक 17 जून, 1996 को अकादेमी में हुई थी। बहुत-से चालू और प्रस्तावित कार्यक्रमों पर विचार-विर्मश हुआ और उन्हें अंतिम रूप दिया गया।

अन्य क्रियाकलाप

नौसिखिया बैठक (फ्रैशर्स मीट)

नए छात्रों के लिए नौसिखिया बैठक का आयोजन 6 अगस्त, 1996 को अकादेमी के ऑडिटोरियम में किया गया था। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न प्रदर्शन प्रस्तुत किए।

परिसर का सफाई अभियान

31 अगस्त और 1 सितंबर, 1996 को जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी के स्टाफ और छात्रों ने मिलकर अकादेमी के परिसर की सफाई का कार्य किया। इस अवसर पर 150 पौधे लगाए गए। इस अभियान में गुरुओं, कलाकारों, कार्यालय स्टाफ और छात्रों सभी ने भाग लिया। इस प्रकार के कार्य की पहल काफी वर्षों बाद की गई थी।

वार्षिक परीक्षा

सभी पाठ्यक्रमों के लिए वार्षिक परीक्षा का आयोजन 27 नवंबर से 9 दिसंबर, 1996 तक किया गया था।

वार्षिक दीक्षांत समारोह

वर्ष 1995 के लिए अकादेमी के दीक्षांत समारोह का आयोजन 7 नवंबर, 1995 को अकादेमी ऑडिटोरियम में किया गया था। मणिपुर के राज्यपाल श्री ओ.एन. श्रीवस्तव ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर छात्रों को स्वर्ण-पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। अकादेमी के उपाध्यक्ष रतन थियम ने समारोह की अध्यक्षता की। डॉ. प्रवित्र सरकार, कुलपति, रवींद्र भारती विश्वविद्यालय, कलकत्ता ने दीक्षांत भाषण दिया।

इस अवसर पर अकादेमी की नृत्य-नाटिका *लेई-लांगबा* का उद्घाटन प्रदर्शन भी आयोजित किया गया था। भारत के उपराष्ट्रपति श्री के.आर. नारायणन ने नृत्य-नाटिका का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पर्याप्त मात्रा में अतिथियों ने भाग लिया और मीडिया ने इसे व्यापक रूप से प्रसारित किया। *लेई-लांगबा* का एक और प्रदर्शन अगले दिन 8 नवंबर को अकादेमी के ऑडिटोरियम में जनता के लिए किया गया था।

संगीत नाटक अकादेमी : संगम ज्ञापन (उद्धरण)

जिन उद्देश्यों के लिए सोसायटी की स्थापना की गई है, वे इस प्रकार हैं :

1. प्रादेशिक या राज्य की संगीत, नृत्य तथा नाटक अकादेमियों के कार्यकलापों का समन्वय करना;

2. भारतीय संगीत, नृत्य तथा नाटक के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देना तथा इस प्रयोजन के लिए पुस्तकालय एवं संग्रहालय आदि की स्थापना करना;

3. अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए तथा समग्र रूप में भारतीय संस्कृति के संवर्धन के लिए ऐसी ही अकादेमियों और अन्य संस्थाओं और संघों के साथ सहयोग करना;

4. संगीत, नृत्य तथा नाट्य कलाओं के संबंध में विभिन्न प्रदेशों के बीच वैचारिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना तथा तकनीकों का संवर्धन करना;

5. प्रादेशिक भाषाओं के आधार पर नाट्य केंद्रों की स्थापना को तथा विभिन्न नाट्य केंद्रों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना;

6. नाट्य-प्रस्तुति, मंच-शिल्प के अध्ययन एवं अभिनय प्रशिक्षण सहित नाट्य कला में प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं की स्थापना को प्रोत्साहित करना;

7. पुरस्कार और सम्मान प्रदान करके नए नाटकों की प्रस्तुति को प्रोत्साहन और सहयोग देना;

8. संदर्भ ग्रंथों – यथा सचित्र शब्द-कोश या पारिभाषित शब्दावली पुस्तिका सहित भारतीय संगीत, नृत्य एवं नाटक संबंधी साहित्य को प्रकाशित करना;

9. श्रेष्ठ नाट्य संस्थाओं को मान्यता प्रदान करना या उन्हें अन्यथा सहायता प्रदान करना;

10. विभिन्न नाट्य शैलियों के अव्यावसायिक दलों की गतिविधियों, बाल रंगमंच, खुले रंगमंच तथा ग्रामीण रंगमंच के विभिन्न रूपों के विकास को प्रोत्साहित करना;

11. देश के विभिन्न क्षेत्रों में लोक संगीत, लोक नृत्य और लोक नाट्य को पुनर्जीवित करना तथा उनका परिरक्षण करना और सामुदायिक संगीत, यौद्धिक संगीत तथा अन्य प्रकार के संगीत के विकास को बढ़ावा देना;

12. अखिल भारतीय आधार पर संगीत, नृत्य तथा नाट्य उत्सवों, संगोष्ठियों सम्मेलनों को प्रायोजित करना तथा ऐसे क्षेत्रीय उत्सवों को प्रोत्साहित करना;

13. संगीत, नृत्य और नाटक के क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए व्यष्टिक कलाकारों को पुरस्कार तथा सम्मान प्रदान करना तथा मान्यता प्रदान करना;

14. संगीत, नृत्य और नाटक के शिक्षण में समुचित एवं यथेष्ठ स्तर को बनाए रखने के लिए उपयुक्त कदम उठाना, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उपयुक्त कदम उठाना तथा इसकी पूर्ति के लिए उपर्युक्त विषयों के शिक्षण में अनुसंधान की व्यवस्था करना, और

15. संगीत, नृत्य एवं नाटक के क्षेत्रों में देश के विभिन्न प्रदेशों के बीच तथा अन्य देशों के साथ भी सांस्कृतिक सम्पर्क बढ़ाना।

संगीत नाटक अकादेमी की महापरिषद, कार्यकारिणी मंडल तथा समितियाँ

कार्यकारिणी मंडल

जमशेद ज. भाभा,
अध्यक्ष

प्रेम लता शर्मा,
उपाध्यक्ष

एस. सत्यामूर्ति,
वित्त सलाहकार

अशोक वाजपेयी,
संयुक्त सचिव (संस्कृति)

जे.एन. दीक्षित

भूपेन हजारिका

चंद्र शेखर कम्बार

अमजद अली खां

यामिनी कृष्णामूर्ति

सोनल मानसिंह

विजया फारूख मेहता

साओली मित्रा

मृणालिनी विक्रम साराभाई

एन.पी. शेषाद्री

गुरूसरण सिंह

रतन थियम

उषा मलिक,
सचिव (पदेन)

महापरिषद

जमशेद ज. भा,
अध्यक्ष

प्रेम लता शर्मा,
उपाध्यक्ष

एस. सत्यामूर्ति,
वित्त सलाहकार

भारत सरकार के ***पांच नामिती***

एन.पी. शेषाद्री

सोनल मानसिंह

रतन थियम

साओली मित्रा

हरिप्रसाद चौरसिया

भारत के संविधान में ***वर्णित राज्य और*** *संघ राज्य क्षेत्रों से प्रत्येक का एक प्रतिनिधि*

अंडमान और निकोबार
नामांकन की प्रतीक्षा है

आंध्र प्रदेश
जानकी आर. कॉनडपि
(आई.ए.एस.)

अरूणाचल प्रदेश
आनन्द प्रकाश

असम
जे.पी. सैकिया

बिहार
के.सी. साहा

चंडीगढ़ प्रशासन
नामांकन की प्रतीक्षा है

दिल्ली
एस. रघुनाथन

दादरा व नागर हवेली संघ **राज्य क्षेत्र**
सुश्री सिंधुश्री खुल्लर

गोवा
पुंडालिक नारायण नायक

गुजरात
कुमुदिनी लाखिया

हरियाणा
डी. कुमार

जम्मू तथा कश्मीर
वाचस्पति शर्मा

कर्नाटक
ए.आर. चंद्रहास गुप्ता

केरल
एन.वी. माधवन

लक्षद्वीप-संघ राज्य क्षेत्र
सतीश चंद्र

हिमाचल प्रदेश
इला पांडे

मध्य प्रदेश
अजीत रायज़ादा

महाराष्ट्र
मोहन अगाशे

मणिपुर
एल. जयचन्द्र सिंह

मेघालय
एस.एस. गुप्ता

मिजोरम
वॉचिंग्पुई

नागालैंड
केवीनेनोई **पी. मेरू**

उड़ीसा
जतिन दास

पांडिचेरी
जी. दंडाबानी

पंजाब
वी.एन. ओझा

राजस्थान
मीनाक्षी हूजा

सिक्किम
एच.के. कर्की

तमिलनाडु
रामा नारायणन

त्रिपुरा
हीरालाल सेनगुप्ता

उत्तर प्रदेश
शैलेश कृष्ण

पश्चिमी बंगाल
कुमार राय

मानव संसाधन ***विकास*** *मंत्रालय का प्रतिनिधि*
अशोक वाजपेयी

सूचना और प्रसारण मंत्रालय का प्रतिनिधि
नामांकन की प्रतीक्षा है।

साहित्य अकादेमी के दो प्रतिनिधि
चंद्रशेखर कामबार

मनोरंजन दास

ललित अकादेमी के दो प्रतिनिधि
के.एस. सूर्यानारायणन

एन. शिवा सुब्रामनिया

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद का प्रतिनिधि
हिमाचल सोम

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का एक प्रतिनिधि
राम गोपाल बजाज

नियम 4(viii) के ***अधीन सहयोजित*** *बारह सदस्य*
गिरीश कारनाड

विजय, फारूख मेहता

वी.पी. धनंजय

केलुचरण महापात्र

अमजद अली खां

भीमसेन गुरूराज जोशी

श्रीमती मणि कृष्णास्वामी

जे.एन. दीक्षित

कपिला वात्स्यायन

लोकेश चंद्र

(दो स्थान रिक्त)

नियम 4(ix) के अधीन सहयोजित आठ सदस्य
प्रेम लता शर्मा
(निर्वाचित उपाध्यक्ष)

मृणालिनी विक्रम साराभाई

यामिनी कृष्णामूर्ति

के. अय्यप्पा पाणिकर

भूपेन हजारिका

के.एस. हरिदास भट

गुरशरण सिंह

भानु भारती

वित्त समिति के सदस्य
एस. सत्यामूर्ति

अशोक वाजपेयी

जे.एन. दीक्षित

लोकेश चंद्र

गुरशरण सिंह

प्रकाशन समिति के सदस्य
प्रेम लता शर्मा

कपिला वात्स्यायन

चंद्रशेखर कंबार

अनुदान समिति के सदस्य
प्रेम लता शर्मा

विजया फ़ारूख मेहता

मणि कृष्णास्वामी

मृणालिनी विक्रम साराभाई

संगीत की सलाहकार समिति के सदस्य
प्रेम लता शर्मा

अमजद अली खां

हरिप्रसाद चौरसिया

कुन्नक्कुड़ी वैद्यनाथन

मणि कृष्णास्वामी

मैसूर वी. दौरईस्वामी अय्यंगर

भूपेन हजारिका

नृत्य की सलाहकार समिति के सदस्य
प्रेम लता शर्मा

सोनल मानसिंह

यामिनी कृष्णमूर्ति

मृणालिनी विक्रम साराभाई

शंभू हेगड़े

कपिला वात्स्यायन

प्रलेखन और अभिलेखागार समिति के सदस्य
प्रेम लता शर्मा

कपिला वात्स्यायन

के.एस. हरिदास भट

कोमल कोठारी

एस. सरकार

रंगमंच की सलाहकार समिति के सदस्य
प्रेम लता शर्मा

विजया फारूख मेहता

बी.वी. कारन्त

भानु भारती

बीर देवेन्द्र सिंह

अप्रैल, 1996 से मार्च, 1997 तक आयोजित बैठकें

1.	प्रकाशन समिति	दिल्ली	1 जुलाई, 1996
2.	अनुदान समिति	दिल्ली	2 और 3 जुलाई, 1996
3.	नृत्य की सलाहकार समिति	दिल्ली	4 जुलाई, 1996
4.	रंगमंच की सलाहकार समिति	दिल्ली	4 जुलाई, 1996
5.	प्रलेखन और अभिलेखागार की सलाहकार समिति	दिल्ली	8 जुलाई, 1996
6.	वित्त समिति	दिल्ली	8 अगस्त, 1996
7.	कार्यकारिणी मंडल	दिल्ली	11 सितंबर, 1996
8.	महापरिषद	दिल्ली	12 सितंबर, 1996
9.	अंतर-राज्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम	दिल्ली	18 सितंबर, 1996
10.	वित्त समिति	दिल्ली	15 नवंबर, 1996
11.	कार्यकारिणी मंडल	दिल्ली	19 दिसंबर, 1996
12.	ज.ला.ने.म.नृ.अ. की सलाहकार समिति	इम्फाल	10 जनवरी, 1997

संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/उत्सवों का कार्यक्रम अप्रैल, 1996 – मार्च, 1997

क्र.सं.	कार्यक्रम	शहर	तिथि
1.	नाट्यलेखन कार्यशाला (गुजराती)	बड़ौदा	वर्ष 1996.97
2.	नृत्योत्सव – उड़ीसा राज्य के युवा नर्तकों/शिक्षकों के लिए ओडिसी उत्सव	भुवनेश्वर	25 सितंबर - 1 अक्तूबर, 1996
3.	पारंपरिक नाट्योत्सव, 96	दिल्ली	4-6 अक्तूबर, 1996
4.	पुरस्कार समारोह और उत्सव	दिल्ली	18-24 दिसंबर, 1996
5.	कलाओं में रास पर संगोष्ठी	वाराणसी	19-20 जनवरी, 1997
6.	ग्लोव और रॉड पुतुल कार्यशाला एवं उत्सव, कलकत्ता	डायमंड हार्बर	25-30 जनवरी, 1997
7.	कूचिपूड़ी नृत्य का उत्सव (युवा नर्तक और गुरु)	हैदराबाद	9-16 फरवरी, 1997
8.	युवा रंगमंच निर्देशकों के लिए कार्यशाला (युवा रंगकर्मियों को सहायता की "सहायता योजना" के अंतर्गत)	दिल्ली	10 मार्च - 6 अप्रैल, 1997
9.	समसामयिक नृत्य रचनाओं का उत्सव	बंगलौर	14-19 मार्च, 1997
10.	प्रायोजित नाटक	जम्मू एवं काश्मीर हिमाचल प्रदेश	15-20 मार्च, 1997

संगीत नाटक अकादेमी
प्रकाशित पुस्तकों की सूची

परिशिष्ट 5

अंग्रेजी — रु. पै.

1. कूटियाट्टम : कुन्जुन्नी राजा — 2.00
2. संगीत नाटक अकादेमी बुलेटिन : टैगोर सेंटेनरी नम्बर — 10.00
3. संगीत नाटक : रजत जयंती अंक — 100.00
4. मुत्तुकुमार पिल्लै : मोहन खोकर — 2.50
5. मुश्ताक हुसैन खां : नैना रिपजीत सिंह — 2.50
6. क्लासिकल इंडियन डांस इन लिटरेचर एंड द आर्ट्स : कपिला वात्स्यायन — 140.00
7. म्यूजिक एंड डांस रवींद्रनाथ टैगौर्स एजूकेशन फ़िलासफ़ी : शांतिदेव घोष — 20.00
8. द विंग्ड फॉर्म : एस्थेटिकल एस्सेज ऑन हिंदुस्तानी रिद्म : एस.के. सक्सेना — 35.00
9. रावण छाया : जीवन पाणि — 12.00
10. मालुशाही बैलेड ऑफ कुमाऊँ : मोहन उप्रेती — 30.00
11. करयाला : एस.एस. ठाकुर — 20.00
12. इवोल्यूशन ऑफ ख्याल : एम.वी. धोंढ़ — 10.00
13. भाओना : रिच्यूअल प्ले ऑफ असम : महेश्वर नियोग — 25.00
14. हूज हू ऑफ इंडियन म्यूजिशियंस : दूसरा संस्करण — 50.00
15. कूत्तमपलम एंड कूटियाट्टम : गोवर्धन पांचाल — 130.00
16. उस्ताद फ़ैयाज़ खां : दीपाली नाग — 90.00
17. तोलू बोम्मलाट्टा : शैडो पपेट्स ऑफ आंध्र प्रदेश : एस. नागभूषण शर्मा — 60.00
18. स्टेज म्यूजिक ऑफ महाराष्ट्र : अशोक डी. रानाडे — 60.00
19. आस्पेक्ट्स ऑफ इंडियन म्यूजिक : ए कलेक्शन ऑफ एस्सेज : सुमति मुटाटकर (संपादित) — 150.00
20. कन्टेम्पेरीर इंडियन थिएटर : इंटरव्यूज़ विद प्लेराइट्स एंड डायरेक्टर्स — 175.00
21. मैडम मेनका : दमयंती जोशी — 150.00
22. तोलपावा कुत्तु : शैडो पपेट्स ऑफ केरल : जी. वेणु — 130.00
23. किताब-ए-नौरस : इब्राहिम आदिल शाह-II : नज़ीर अहमद (संपादित) — 100.00
24. स्विंगिंग सिलेबल्स : एस्थेटिक्स ऑफ कथक डांस : एस.के. सक्सेना — 225.00

हिंदी

1. ओंकारनाथ ठाकुर : बी.सी. मौदगल्य — 2.50
2. सहसरस : प्रेमलता शर्मा (संपादित) — 25.00
3. त्यागराज कृति संग्रह — 20.00
4. पाश्चात्य संगीत और उसकी स्वरलिपि : एच.जे. कौलरयटर — 5.00
5. रासलीला तथा रसानुकरण विकास : बी. यामदग्नि — 100.00
6. मुतुस्वामि दीक्षितार कृति संग्रह — 50.00
7. मृदंग-तबला वादन पद्धति : गुरुदेव पटवर्धन — 7.50
8. हिमाचल का लोक संगीत : केशव आनन्द — 70.00
9. मृदंग वादन (नाथद्वारा परंपरा) : पुरुषोत्तम दास — 25.00
10. पुष्टि संगीत प्रकाश : बी.पी. भट्ट — 70.00
11. नाट्य कल्पद्रुम : मणिमाधव चाक्यार (सं. प्रेमलता शर्मा) — 300.00

मैतैई

1. रास पूर्णिमा : बाबू सिंह — 60.00
2. चाली : गुरु अमूबी सिंह — 10.00
3. भंगी परेंग : गुरु अमूबी सिंह — 7.50
4. भंगी परेंग अछोबा : गुरु अमूबी सिंह — 7.50
5. मणिपुर जगोई : गुरू अमूबी सिंह — 15.00

तमिल

1. अयोध्या कांड ऑफ तौलपावा कुत्तु : के. पुलावर — 100.00

श्रव्य तथा दृश्य रिकार्डिंग्स
अप्रैल 1996 से मार्च, 1997

	श्रव्य घंटे : मिनट	दृश्य घंटे : मिनट
संगीत		
इकबाल अहमद - हिंदुस्तानी गायन	00:60	00:60
असलम खां - हिंदुस्तानी गायन	01:46	02:00
एल. के. पंडित - हिंदुस्तानी गायन	02:30	01:45
हाफिज़ अहमद खां - हिंदुस्तानी गायन	02:25	01:50
पुरस्कार समारोह, नई दिल्ली		
राम आशीष पाठक - पखावज	00:25	00:25
ए. कानन - गायन	00:45	00:45
डी.के. दातार - वायलिन	00:45	00:45
झम्मन खाँ - नकारा	00:45	00:45
सोनम तसेरिंग लेप्चा - सिक्किम के गीत	00:30	00:30
दोमादा चित्तियाब्बई - नागस्वरम	00:25	00:25
आर. वेदावल्ली - कर्नाटक गायन	00:45	00:45
नृत्य		
किरमीरा वधम्		02:20
कल्याण सौगन्धिकम्		00:52
संतना गोपालम		01:57
कथकली में कु. कुमारन नायर द्वारा बाली विजयम		01:57
ओडिसी नृत्योत्सव, भुवनेश्वर		
रूपा श्री मोहपात्र और विद्युत लता मिश्रा, पुरी		00:45
मनोरंजन प्रधान, पुरी		00:35
प्रियंवदा रे, भुंवनेश्वर		00:33
उड़ीसा डांस अकादेमी ग्रुप, भुवनेश्वर		00:46
वाई. प्रशांति एवं कृपांजलि दास पटनायक, कटक		00:46
अनिल कुमार लेंका, कटक		00:32
पुष्पिता मिश्रा एवं ममता सतपथी, भुवनेश्वर		00:46
नवकिशोर मिश्रा		00:43
अब्रता ग्रुप, भुवनेश्वर		00:43
प्रियंवदा पटनायक, दिमिरिसिना		00:30
भरत चरण गिरी, भुवनेश्वर		00:38
पूर्णिमा बारिक एवं उर्मिला साहू, बालासोर		00:38
भँज कला केंद्र ग्रुप, राउरकेला		00:37
विचित्रानंद स्वेन एवं रमेश चंद जैना, भुवनेश्वर		00:56
शीला मोहपात्र एवं मधुस्मिता मोहंती, भुवनेश्वर		00:48
मीरादास, कटक		00:48

	श्रव्य घंटे : मिनट	दृश्य घंटे : मिनट
कला विकास केंद्र ग्रुप, कटक		00:22
सागरिका मोहपात्र एवं सुज्ञानी मोहपात्र, भुवनेश्वर		00:28
इंद्राणी मल, कटक		00:47
मंजुश्री पंडा, भुवनेश्वर		00:36
नृतयायन ग्रुप, भुवनेश्वर		00:46
सौम्य शैफालिका, कटक		00:30
लीना मोहंती, भुवनेश्वर		00:34
इतिश्री मोहंती, भुवनेश्वर		00:22
नव किशोर मिश्रा, भुवनेश्वर		00:25
कुतापो ग्रुप, राउरकेला		00:45
संयुक्ता दास एवं नमिता भट्ट, भुवनेश्वर		00:35
अजय मोहंती, कटक		00:36
शीलालिपि परीदा और लीली नंदा, भुवनेश्वर		00:36
कस्तूरी पटनायक एवं मुक्तिलता पाल, भुवनेश्वर		00:21
ओडिसी रिसर्च सेंटर ग्रुप, भुवनेश्वर		00:30
शिक्षकों द्वारा शिष्यों के साथ निदर्शनः		
निलांबर प्रधान, भुवनेश्वर		00:40
चितरंजन आचार्य, तलचेर		00:42
लिंगराज बेहेरा, पुरी		00:47
सहदेव पाथी, भुवनेश्वर		00:22
लक्ष्मीधर जैना, कटक		00:34
नित्यानंद सेनापति, सूनाबेदा		00:44
ब्रजकिशोर मलिक, भुवनेश्वर		00:35
किशोर मोहंती, कटक		00:45
वीर किशोर नायक, कोरापुट		00:33
पद्म चरण देहूरी, भुवनेश्वर		00:34
कंदूरी चरन बेहेरा, भुवनेश्वर		00:52
बी.के. सेनापति, पुरी		00:40
सुधाकर साहू, बालासोर		00:48
निरंजन राउत, भुवनेश्वर		00:48
पगल स्वेन, भुवनेश्वर		00:38
माधव पलाई, ब्रजराजनगर		00:32
विचित्रनंद दलाई, राउरकेला		00:37
गांविंद चंद्रपाल, भुवनेश्वर		00:35
संध्या देवनाथ, सम्बलपुर		00:33
निरंजन नायक, भद्रक		00:24
हरिहर मोहंती, कटक		00:40
आशीष दास, कटक		00:33

	श्रव्य घंटे : मिनट	दृश्य घंटे : मिनट
नटराज संगीत महाविद्यालय, धेनकनाल, रविनारायण रांडा, पुरी		00:23
प्रतिभा प्रहलरइ (गुरु मुत्तुस्वामी से सीखे नृत्य) द्वारा भरतनाट्यम		01:16
के. वाणी कृष्णास्वामी (गुरु कितप्पा पिल्लै परंपरा के नृत्य) द्वारा भरतनाट्यम		01:30
कूचिपूड़ि नृत्योत्सव, हैदराबाद		
सिद्देंद्र, कला क्षेत्रम के कलाकार		00:21
वेदांतम वेंकट चलापति और वेदांतम रघवैय्या		01:03
बालाकोंडाला राव के शिष्य		01:00
सिद्धेन्द्र कलाक्षेत्रम के छात्र		00:52
नीता राव		00:30
अखिल रमन राव एवं अरुणा रेखा		00:34
स्वाति सुधाकर		00:28
लास्य प्रिय डांस इंस्टीट्यूट के छात्र		00:50
डी.वी. नागसई और टी. पवानी		00:43
जे. संध्या रानी		00:40
सुचित्रा डोके एवं एस. खेडलेकर		00:34
हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र		00:45
वज्जह किरणमयी		00:37
सी. वसंता लक्ष्मी		00:29
वी. सौम्यश्री पवार एवं सीमा मुले		00:35
पी. शैलजा		00:30
बी. सुधरी राव एवं टी. सुधा		00:55
बी. ज्योति रेड्डी		00:35
वाई. राम बाबू		00:37
के. स्वामीनाथन एवं आर. आशालता		00:35
के. कत्रगड्डा, सी. एस. कृष्ण कुमार, चि. माधुरी, पी. ज्योर्तिमयी		00:56
वी. प्रफुल्ला		00:28
बालाजी कुमार		00:34
कोतपल्ली पद्मा		00:44
अनुराधा के. एवं कविता राममोहन (दुर्गादेवी की शिष्याएँ)		00:30
एस. दिव्य-सेना एवं बी. बालातिरपुरा सुंदरी		00:45
यशोदा एस. राव एवं पार्टी		00:40
संजय शांताराम एवं प्रीति		00:31
बी. जयंती		00:35
शोभा नायडू एवं पार्टी		01:05
वेंकटेश्वरा राव		00:26
वी. के. विजयलक्ष्मी		00:30
जंध्याला वेदवल्ली		00:40

	श्रव्य घंटे : मिनट	दृश्य घंटे : मिनट
नाट्य तरंगिणी, नई दिल्ली		01:00
चिंता आदिनारायण शर्मा एवं पार्टी		00:47
हेमाद्रि चिदंबरा दीक्षातुलु		00:18
अकेल्ला शांति शास्त्री एवं छात्र		01:10
चिंता रामनाथन		00:18
वी. रंगामणि		00:51
वाई. नागेश्वर शर्मा		00:33
वाई. जोस्युला रामकृष्ण		00:48
एम. सूर्यनारायण शर्मा		00:31
पसुमर्ती शेषु बाबू		00:52
जी. नारायण स्वामी		00:48
वेदांतम सीताराम शर्मा		00:40
पी. बी. कृष्णभारती		00:34
पसुमर्ती वी. शर्मा		00:45
ज्योस्युला श्रीरामचन्द्र मूर्ति		00:38
प्रसन्न रानी		00:40
एन. स्वर्णलता		01:01
पी. विजय भरानी शंकर		00:25
डी. वी. सम्पत कुमार		00:46
के. पद्मजा		00:51
एम. उषा गायत्री		00:40
वेदांतम राधेश्याम		00:40
एल. अन्नपूर्णा एवं पार्टी		01:02
डी. सुधाकर		00:30
अलेख्य एवं के. वंज उदय		01:06
भगवतुला सेतूराम		00:50
पसुमर्ती श्रीनिवास शर्मा		00:43
ए. नागमणि बुद्धदेव		00:38
महानकाली मोहन		00:38
नृत्योत्सव – नृत्यरचनाओं का उत्सव, बंगलौर		
गंगा		00:32
शैडोज़		00:22
नृत्यरचनाकार : मृणालिणी साराभाई संवाद		00:52
नृत्यरचनाकार : संगीता शर्मा महाकाल-इंवोकिंग टाइम		01:28
नृत्यरचनाकार एवं निर्देशन : चंद्र लेखा		
द साउंड ऑफ दी यूनिवर्स		00:08
फुटप्रिंट्स ऑन वाटर		00:46
नृत्यरचनाकार : अदिति मंगलदास केईबुल **लाम**जाओ		01:05

	श्रव्य घंटे : मिनट	दृश्य घंटे : मिनट
नृत्यरचनाकार : चौतोम्बी सिंह संकला एंड अदर वर्क्स		00:43
नृत्यरचनाकार : मधु नटराज पंचभूत		00:58
संकल्पना एवं नृत्यरचनाकार : इलियाना चितरित्ती इंटरप्रेटिंग टैगोर :		
एवरी फ्रैग्मैंट ऑफ डस्ट इज़ अवेकंड		00:24
वाकिंग अलोन		00:23
महाराज कालका बिंदादीन कथक महोत्सव, ६७ द्वारा कथक केंद्र, नई दिल्ली		
भारती गुप्ता की समूह रचना कथक केंद्र, दिल्ली के छात्रों द्वारा कजरी		00:18
अर्जुन मिश्रा के शिष्य द्वारा उनकी समूह रचना : स्वरांजलि, ठुमरी		00:38
रामलाल बरेथ के शिष्य (अल्पना वाजपेयी ओर विजय शर्मा), भोपाल : रायगढ़ का शुद्ध नृत्य, दादरा		00:34
मौलिक शाह और इशिता पारिख, अहमदाबाद :"आमने सामने"		00:25
कथक केंद्र, दिल्ली के छात्रों द्वारा गीतांजलि लाल की समूह रचनाः नायिका		00:15
वैशाली त्रिवेदी और प्रशांत शाह, अहमदाबाद : होरी		00:38
मनीषा नृत्यानालय, पुणे के छात्रों द्वारा मनीषा साठे की समूह रचना : "सवानी", "दादरा" और "तराना"		00:22
राममोहन और कृष्ण मोहन, दिल्ली		00:57
मलय भट्टाचार्य, कलकत्ता द्वारा समूह रचना		00:17
नृत्य भारती, पुणे के छात्रों द्वारा रोहिणी भाटे की समूह रचना : "ऋतुत्रे", "उड़ान एक क्रमण"		00:46
मुन्ना शुक्ला, कथक केंद्र, नई दिल्ली के शिष्य : "जश्ने बहार"		00:36
पादिक, कलकत्ता द्वारा चेतना जालान की समूह रचना : "चौताल"		00:24
राजेंन्द्र कुमार गंगानी और पारूल शाह, दिल्ली : "संगम"		00:40
रीता मुस्तफी और उनके शिष्यों द्वारा समूह रचना, कलकत्ता : "सोनार"		00:35
प्रभा मराठे और उनके शिष्यों द्वारा समूह रचना, पुणे : "अव्यक्त की खोज"		00:26
उर्मिलानागर, दिल्ली : "अष्टपदी"ए "होरी"		00:50
विजय शंकर और उनके शिष्यों द्वारा समूह रचना, कलकत्ता : "सृष्टि", "चंद प्रसंग"		00:35
परंपरा प्रवाह : बिरजू महाराज और उनके शिष्यों द्वारा प्रस्तुत : सरस्वती, मालती, रोहिणी, शिखा, किरप, मोलमाला, कोकोली, राम मोहन, कृष्ण मोहन, जयकिशन, दीपक, अशोक, जयंत और संदीप		01:20
रंगमंच		
नाट्य संगीत : महाराष्ट्र की गौरवशाली परंपरा भूमिका डां. राघव आर. मेनन द्वारा		2:20
पुरस्कार समारोह		
सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का (हिन्दी में) निर्देशन बंसी कौल		02:00
बेरिकेड (बंगाली में) निर्देशन उत्पल दत्त, सत्य बंधोपाध्याय को प्रस्तुत किया गया		02:20
अंतिगौरण (हिंदी में), निर्देशन एम. के. रैना		01:50
आनंदग्राम, नई दिल्ली, युवा रंगमंच निर्देशकों के लिए कार्यशाला		
कार्यशाला निर्देशक : प्रशिक्षण प्रणालियाँ		

	श्रव्य घंटे : मिनट	दृश्य घंटे : मिनट
हबीब तनवीर		01:40
हीसनाम कन्हाई लाल		01:40
सतीश अलेकर		01:30
उषा गांगुली		00:42
साक्षात्कार : उषा गांगुली का बी.आर. भार्गव द्वारा		00:20
हबीब तनवीर - कार्यशाला के भागीदार निर्देशकों के साथ अन्योन्यक्रिया		00:38
बी. आर. भार्गव और मोनिका तनवीर के साथ हबीब तनवीर का **वार्तालाप** : कार्यशाला के संबंध में उनके विचार		00:26
वार्तालाप - भाग लेने वाले निर्देशकों के लिए जानकारी सत्र		
कमलेश दत्त त्रिपाठी : द फंडामेंटल्स ऑफ संस्कृत ड्रामाज़		01:20
नाट्यशास्त्र ओर कंटेम्पोरेरी इंडियन थिएटर		01:35
नेमीचंद्र जैन : ट्रेडीशनल इंडियन थिएटर		01:00
सुलोचना बृहस्पति : म्यूजिक एप्रीशिएशन		01:15
अमल अल्लाना : फंडामेंटल्स ऑफ वेस्टर्न थिएटर (I+II)		03:00
अनुराधा कपूर : वेस्टर्न इंफ्लुएंस ऑन इंडियन थिएटर		01:10
कीर्ति जैन : मार्डन इंडियन थिएटर		01:20
निसार अल्लाना : डिजाइनिंग सेट्स फार थिएटर		01:20
नीलम मानसिंह चौधरी : कास्ट्यूम डिजाइनिंग फार थिएटर		01:20
जावेद मलिक : थिएटर क्रिटिसिज़्म		01:35
अनिल सदगोपाल : कल्चर, एजूकेशन एंड ग्लोबेलाइजेशन		01:50
किरण सहगल : व्या.-निर्देशन : ओडिसी		01:15
जे. एन. कौशल : ट्रांसलेशन एंड एडेप्टेशन		01:50
केशव मलिक : आर्ट एंड पोइट्री एप्रिशिएशन		01:55
मोहन उप्रेती : थिएटर म्यूजिक		01:25
गौतम भट्टाचार्य : लाइट डिजाइनिंग फॉर थिएटर	**01:10**	
मीट दी एक्ट्रेस - *जोरा सहगल और उजरा बट्ट* की **हबीब तनवीर के साथ बातचीत**		01:15
यशपाल : हेप्निंगज़ 96	**02:15**	
साक्षात्कार, निर्देशन और संगोष्ठियाँ		
साक्षात्कार : के. आर. कुमारन नायर, कथकली गुरु का डॉ. अकावूर नारायणन द्वारा **(मलयालम में)**		00:47
और सदानम बालकृष्ण और छात्रों द्वारा		01:02
निर्देशन : *सुभद्रा हरणम कल्याण सौगन्धिकम (श्रृंगार पद्म) के. आर. कुमारन नायर द्वारा*		01:15
निर्देशन : बकवधम्, नारायणन नम्बूदिरी नरिपेटा द्वारा		00:30
निर्देशन : कीचकवधम्, श्रीनाथ द्वारा		00:07
निर्देशन : रावण उद्भवम् सदानम बालकृष्ण द्वारा		00:25
साक्षात्कार : इकबाल अहमद का डॉ. एस. के. सक्सेना द्वारा (हिंदी में)	01:40	01:40
साक्षात्कार : असलम खां का आर.सी. भट्ट द्वारा (हिन्दी में)	01:46	02:00
साक्षात्कार : एस. वीरराघवन - भागवत मेला, मेलात्तूर का एस. नटराजन द्वारा (तमिल में)		00:36

	श्रव्य घंटे : मिनट	दृश्य घंटे : मिनट
साक्षात्कार : कृष्णामूर्ति शर्मा - भागवत मेला, मेलात्तूर का आर. कौशल्या द्वारा (तमिल में)		00:38
साक्षात्कार : संथानम का एस. नटराजन द्वारा (तमिल में)		00:29
साक्षात्कार : एल. के. पंडित का प्रो. एस. के. सक्सेना द्वारा (हिन्दी में)	01:45	01:45
साक्षात्कार : हफीज़ अहमद खां का प्रो. एस. के. सक्सेना द्वारा (हिन्दी में)	01:40	01:56
साक्षात्कार : सुमति मुआटकर का डॉ. प्रेमलता शर्मा द्वारा (हिन्दी में)	04:05	03:50
साक्षात्कार : मोहन उप्रेती के साथ गोविंद विद्यार्थी की वार्ता	02:30	02:30
साक्षात्कार : बिरजू महाराज का डॉ. एस.के. सक्सेना द्वारा (हिन्दी में)	02:20	05:00
बिरजू महाराज : कथक में प्रशिक्षण निर्देशन के साथ		03:45
साक्षात्कार : डॉ. प्रेमलता शर्मा का डॉ. मुकुंद लाठ द्वारा (हिन्दी में)	05:30	05:45
साक्षात्कार : काशीनाथ पूजा पंडा का डॉ. प्रेमलता शर्मा और सुधा मिश्रा द्वारा (हिन्दी में)	00:50	00:50
साक्षात्कार : हिरव महंता और जगन्नाथ महंता का इंदिरा गोस्वामी द्वारा (असमिया में)	00:13	00:13
